NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D.| B. Pharma
BPT MPT D|BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 270 लखनऊ, बुधवार 15 मई 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## चोरों को चैन की नींद सोने नहीं दूंगा, उनके खजाने भी खाली कर दूंगा, झारखंड में बोले पीएम मोदी

एजेंसी।

झारखंड कांग्रेस की कमजोर सरकारों ने देश को नक्सलवाद की आग में झोंका। इस आग में वामपंथियों ने भी अपनी रोटियां सेकीं। ये भाजपा की सरकार है, जिसने देश में नक्सली हिंसा पर लगाम लगाई। मोदी को चुनौतियों को टालना नहीं, टकराना आता है और जब हौसला फौलादी हो, तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी चरण चूमने लग जाती हैं। मैंने लाल किले से कहा था, मैं भारत को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन खपा दूंगा। झारखंड के कोडरमा में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं चोरों को चैन की नींद सोने नहीं दूंगा। मैं



उनकी नींद भी उड़ा दूंगा और उनके खजाने भी खाली कर दूंगा। ये पैसे आपके हैं, इन पैसों के मालिक आप हैं, कोई चोरी–लूट नहीं कर सकता है। मोदी इन पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है, इसलिए ये मोदी को गोली मारने की बात करते हैं। श्रीनगर में हुआ कल का मतदान पूरे देश के लिए उमंग, उत्साह और संतोष का अवसर है। इस एक घटना से ये बात साफ हो जाती है कि मोदी के काम की दिशा सही है और मोदी के प्रयास सही परिणाम लाते हैं। कांग्रेस की कमजोर सरकारों ने देश को नक्सलवाद की आग में झोंका। इस आग में वामपंथियों ने भी अपनी रोटियां सेकीं। ये भाजपा की सरकार है, जिसने देश में नक्सली हिंसा पर लगाम लगाई। मोदी को चुनौतियों को टालना नहीं, टकराना आता है और जब हौसला फौलादी हो, तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी चरण चूमने लग जाती हैं। मैंने लाल किले से कहा था, मैं भारत को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन खपा दूंगा। जेएमएम–कांग्रेस–लेफ्ट का इंडी–गठबंधन, इन सारी बुराइयों का सबसे बड़ा मॉडल है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी माताएं–बहनें, हर परिवार की बेहतरीन प्रबंधक होती हैं, इसलिए ये देश उनके इस कौशल के सदुपयोग के बिना विकसित नहीं हो सकता।

## लोकसभा की जंग जीत नहीं, जीत के अंतर की है ए.के. शर्मा'

संवाददाता। लखनऊ सुल्तानपुर । यूपी सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने कुड़वार के एक मैरिज लॉन में सिटिंग सांसद व बीजेपी प्रत्याशी सांसद मेनका संजय गांधी के समर्थन में बतौर मुख्य अतिथि युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा युवा भारत का भाग्य विधाता है। भाजपा सरकार युवाओं के सपने को पंख देने का काम कर रही है।हम युवाओं के बल पर 2024 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचेंगे और युवा एक नये भारत का निर्माण करेगा। मंत्री ने युवाओं से मेरा बूथ सबसे मजबूत की अवधारणा को साकार करने की अपील की। ऊर्जा मंत्री ने



सिटिंग सांसद मेनका संजय गांधी के विकास कार्यों व उनके कार्यशैली की सराहना की।उन्होंने कहा सुलतानपुर का सौभाग्य है कि आपको मेनका गांधी जैसी परिश्रमी व जनता के बीच में रहने वाली सांसद मिली है। यह सुलतानपुर के विकास को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। यह सुलतानपुर को यूपी का नम्बर एक जिला बनाएंगी। उन्होंने कहा सांसद मेनका गांधी जी जीत की नहीं लीड की लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है। इसके लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस–वें पर बन रहे औद्योगिक कोरिडोर से सुलतानपुर के हजारों युवाओं को नौकरी मिलेगी। जिसके लिए युवाओं को तकनिकी शिक्षा भी देनी आवश्यक है। आपकी लोकप्रिय सांसद ने यह प्रण किया है कि जिले में आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलेंगे जायेंगे। जिससे युवाओं को रोजगार मिलने में आसानी हो और वह भी विदेशी कंपनियों के कर्मियों की तरह वेतन और सुविधायें अपने ही घर में रहते हुए पा सकें। मंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में 2014 के बाद बड़ा परिवर्तन देश में आया है। अब देश डिफेंस सहित हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

## सत्ता में नहीं लौटेंगे नरेंद्र मोदी, ममता बनर्जी बोलीं- यही है एकमात्र गारंटी

एजेंसी।

पश्चिम बंगाल नादिया के कल्याणी में एक रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि गारंटी बाबू (मोदी की गारंटी पर कटाक्ष) पश्चिम बंगाल को बदनाम कर रहे हैं। अब, जब सच्चाई सामने आ रही है (कथित वीडियो का जिक्र है), तो वे टीवी चौनलों से उन्हें न दिखाने के लिए कह रहे हैं। वे सच्चाई को छुपाने की कोशिश कर रहे हैं।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता में नहीं लौटेंगे। संदेशखाली विवाद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर श्झूठश फैलाने का आरोप लगाते हुए बनर्जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एकमात्र गारंटी यह है कि मोदी सत्ता में नहीं लौट रहे हैं। इंडिया ब्लॉक 295 से 315 सीटें हासिल करेगा। भाजपा अधिकतम 200 तक सीमित रहेगी। बीजेपी और पीएम इस



मुद्दे पर झूठ फैला रहे हैं। नादिया के कल्याणी में एक रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि शगारंटी बाबूश (मोदी की गारंटी पर कटाक्ष) पश्चिम बंगाल को बदनाम कर रहे हैं। अब, जब सच्चाई सामने आ रही है (कथित वीडियो का जिक्र है), तो वे टीवी चौनलों से उन्हें न दिखाने के लिए कह रहे हैं। वे सच्चाई को छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा ने राज्य की महिलाओं की छवि खराब करने की साजिश रची। बंगाल के बैरकपुर में अपनी चुनावी रैली के दौरान, प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस संदेशखली में अपने पिछले कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रही है, जहां सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगाया गया है। संदेशखाली की बहनों और माताओं के साथ टीएमसी ने क्या किया, यह हम सभी ने देखा है। पहले पुलिस ने दोषियों को बचाने की कोशिश की, अब टीएमसी ने नया खेल शुरू कर दिया है। टीएमसी के गुंडे संदेशखाली की बहनों को सिर्फ इसलिए धमकी दे रहे हैं, क्योंकि अत्याचारी का नाम शाहजहां शेख है।

## चीन से वापस लेंगे जमीन, देशभर में 200 यूनिट बिजली फ्री, कुरुक्षेत्र में अरविंद केजरीवाल का मेगा रोड शो

एजेंसी।

नई दिल्ली केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने सबको 15 लाख रुपए देने, हर साल 2 करोड़ नौकरी और किसानों को डैच देने समेत कई गारंटियां दी थीं, लेकिन आज तक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। आज मैं आपको गारंटियां देता हूं और इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर इन सभी गारंटियों को पूरा कराया जाएगा। बीजेपी वालों ने हमारी पहलवान बेटियों के साथ बदतमीजी की। जिसने उनके सम्मान पर हाथ डाला, उसके बेटे को टिकट दे दिया। हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पिहोवा में आप और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुशील गुप्ता के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रोड शो



किया। केजरीवाल ने कहा कि 16 मार्च को चुनाव घोषित हुआ और 21 मार्च को इन्होंने मुझे गिरफ्तार कर लिया, ताकि मैं प्रचार ना कर सकूँ, ये मुझसे डरते हैं। मैंने पूरी दिल्ली का इलाज मुफ्त किया, मैं शुगर का मरीज हूँ लेकिन इन्होंने मुझे 21 दिन तक इन्सुलिन नहीं लेने दी। केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने सबको 15 लाख रुपए देने, हर साल 2 करोड़ नौकरी और किसानों को डैच देने समेत कई गारंटियां दी थीं, लेकिन आज तक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। आज मैं आपको गारंटियां देता हूं और इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर इन सभी गारंटियों को पूरा कराया जाएगा। बीजेपी वालों ने हमारी पहलवान बेटियों के साथ बदतमीजी की। जिसने उनके सम्मान पर हाथ डाला, उसके बेटे को टिकट दे दिया। ये लोग हरियाणा की जनता को अंगूठा दिखाते हुए कह रहे हैं कि जो करना है कर लो। इस बार इनको करके ही दिखा ही दो। इन्होंने (बीजेपी) पंजाब और हरियाणा के किसानों को दिल्ली में नहीं घुसने दिया। क्या इनके पिता की दिल्ली है। किसान को ये अपना दुश्मन समझते हैं? चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर लेता है, तब ये उनके रास्ते में कीलें नहीं बिछाते लेकिन किसानों को रोकने के लिए ब्वदबतमजम की दीवारें और कीलें बिछा देते हैं।

## सपा व कांग्रेस जिहाद के नाम पर वोट मांग रहे हैं–केशव प्रसाद मौर्य

संवाददाता।

लखनऊ ।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाराबंकी, बस्ती तथा अम्बेडकरनगर मे आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। कहा कि सपा व कांग्रेस जिहाद के नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को खतरा बताने वाले अखिलेश यादव व राहुल गांधी के राजनैतिक अस्तित्व का खतरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। जबकि सपा व कांग्रेस का डंका पाकिस्तान में बज रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी



के प्रधानमंत्री बनने के बाद जो पाकिस्तान भीख मांग रहा है वह पाकिस्तान चाहता है कि भारत में कांग्रेस की सरकार बने, जिससे पाकिस्तान के हालात सुधर सकें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 में मोदी जी की लहर थी, 2019 में आंधी थी और 2024 में मोदी जी का तूफान चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने कमल खिलाया तो प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण हो गया और जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त हो गई। उन्होंने कहा कि कमल का बटन दबाने से देश में 4 करोड़ गरीबों को पक्का घर मिला और हर घर में बिजली पहुंची। कहा कि सपा–बसपा व कांग्रेस ने पिछड़ों, अनुसूचितों के वोट तो लिए लेकिन कभी उन्हें सम्मान नही दिया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय कल्याण सिंह जी की पार्थिव देह विधानसभा में अंतिम दर्शन के लिए रखी थी। लेकिन 500 मीटर की दूरी पर बैठे अखिलेश यादव बाबू जी को श्रद्धांजलि देने नही पहुंचे। विपक्ष गरीब और पिछड़े वर्ग से आने वाले श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में बर्दाश्त नही कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकतंत्र के मंदिर की चौखट पर सिर झुकाकर संसद में प्रवेश किया और तब से ही बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के सपनों को साकार करने का काम कर रहे हैं। बाबा साहेब से जुड़े स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार का खात्मा, देश को विकसित राष्ट्र बनाना है, देशवासियों की आत्मनिर्भरता तथा देश के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक केन्द्रों का विकास ही भाजपा का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ कमल वाला बटन दबाकर भाजपा को आशीर्वाद दीजिए।ण

## बीजेपी का काला चिट्ठा खोलेंगे... आप ने शुरू किया वाशिंग मशीन का काला जादू कैंपेन

एजेंसी

दिल्ली आप ने बीजेपी पर पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोगों को इन दावों की सच्चाई के बारे में बताएंगे। एक नाटक का मंचन करते हुए, आप स्वयंसेवकों ने ईडी–सीबीआई की भूमिका निभाई, जबकि कुछ अन्य आप वॉलंटियर्स ने अशोक चव्हाण, हेमंत बिस्वा सरमा, अजीत पवार, मनीष सिसौदिया, सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह, हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं की भूमिका निभाई।आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को एक नया अभियान ष्वॉशिंग मशीन का काला जादूष शुरू किया, जिसमें भाजपा के भ्रष्टाचार विरोधी चुनावी मुद्दे को उजागर करने और आम जनता को इन दावों की सच्चाई के बारे में सूचित करने का वादा किया गया। अभियान के शुभारंभ के दौरान आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्षी नेताओं को गलत तरीके से निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने के बावजूद भाजपा पर व्यक्तियों को पार्टी में भर्ती करने का भी आरोप लगाया। आप ने बीजेपी पर पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोगों को इन दावों की सच्चाई के बारे में बताएंगे। एक नाटक का मंचन करते हुए, आप स्वयंसेवकों ने ईडी–सीबीआई की भूमिका




निभाई, जबकि कुछ अन्य आप वॉलंटियर्स ने अशोक चव्हाण, हेमंत बिस्वा सरमा, अजीत पवार, मनीष सिसौदिया, सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह, हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं की भूमिका निभाई। आप ने आरोप लगाया कि ईडी–सीबीआई की कार्रवाई इस अभियान के जरिए विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। मंच पर वॉशिंग मशीन और जेल दर्शाने वाले दो बॉक्स बनाए गए थे। अशोक चव्हाण, हेमंत बिस्वा सरमा और अजीत पवार जैसे नेताओं को वॉशिंग मशीन में धोने के बाद भाजपा में शामिल होते हुए दिखाया गया। इसके विपरीत, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, मनीष सिसौदिया और सत्येन्द्र जैन जैसे नेताओं को जेल जाते हुए दर्शाया गया।

## कन्हैया कुमार के रोड-शो में रही भारी भीड़,कांग्रेस ने किया बड़ी जीत का दावा

एजेंसी।

दिल्ली की उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि मनोज तिवारी ने क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं किया है। इसलिए जनता इस बार कन्हैया कुमार को निश्चित रूप से अपना सांसद चुनेगी। उन्होंने कहा कि जनता इस चुनाव में मनोज तिवारी को हराकर अब बदलाव चाहती है। चुनाव यात्रा के दौरान प्रभासाक्षी की टीम दिल्ली की उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट पर पहुंची। जहां भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनोज तिवारी का सामना कांग्रेस के कन्हैया कुमार से है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि मनोज तिवारी ने क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं किया है। इसलिए जनता इस बार कन्हैया कुमार को निश्चित रूप से अपना सांसद चुनेगी। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार पर बेरोजगारी, नोटबंदी और महंगाई को लेकर जमकर हमला बोला। लोगों ने सरकार के खिलाफ रचनात्मक तरीके से गाना गाकर मोदी सरकार का विरोध किया। महिलाओं ने कहा कि उनके लिए प्रमुख चुनाव में प्रमुख मुद्दा उनकी सुरक्षा का है। पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने मणिपुर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह सरकार सिर्फ हिंदू मुसलमान करने में व्यस्त है। लोगों ने बीजेपी पर प्रभु श्री राम का नाम बदनाम करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने अग्नि वीर योजना को लेकर भी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज बाप से पहले बेटा रिटायर हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुलवामा हमले को लेकर सरकार 5 साल में कोई भी जांच नहीं कर पाई है। लोगों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रचार झूठ का प्रचार है लेकिन क्षेत्र की जनता कन्हैया कुमार के साथ है। उन्होंने दावा किया कि कन्हैया कुमार उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से 3 से 4 लाख मतों से विजयी होंगे।

## आज अयोध्यां में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे अखिलेश यादव

लखनऊ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में 15 और 18 मई को क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद ने जिसको लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करके जनसभा के मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधनश के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन



में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 15 और 18 मई को क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर पार्टी के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि जनसभा में राष्ट्रीय अध यक्ष शइंडिया गठबंधनश की सरकार बनने के बाद होने वाले विकास कार्यों को लेकर जनता से संवाद करेंगे। इसके अलावा प्रसाद ने कहा कि सरकार बनने पर समाज के सभी वर्गों के लिए शइंडिया गठबंधनश काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर के बनाये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। इसके अलावा सपा उम्मीदवार ने जातिगत जनगणना के मुद्दे को लेकर भी सरकार की योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव का कार्यक्रम 15 मई को मवई और 18 मई को मिल्कीपुर तहसील में प्रस्तावित है।

## 13 मई को कुल 169.38 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 13 मई, 2024 तक कुल 41935.49 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3389.28 लाख रुपये नकद धनराशि, 5233.94 लाख रुपये कीमत की शराब, 23247.10 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2289.87 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5019.52 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2755.78 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 13 मई, 2024 को कुल 169.38 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 7.05 लाख रुपये नकद धनराशि, 36.40 लाख रुपये कीमत की 14201.49 लीटर शराब, 42.60 लाख रुपये कीमत की 106513 ग्राम ड्रग, 83.29 लाख रुपये कीमत के 61054 मुफ्त उपहार एवं 0.04 लाख रुपये कीमत की 4 अन्य सामग्री जब्त की गयी।13 मई, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद सहारनपुर की गंगोह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 66 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

# चार चरणों के चुनाव में भाजपा धराशायी हो गयी है– अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज जालौन में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों के चुनाव में भाजपा धराशायी हो गयी है। अब पांचवें चरण में बुन्देलखण्ड की धरती भाजपा के अहंकार को खंड–खंड करेगी। भाजपा ने बुन्देलखण्ड की जनता को धोखा दिया है। भाजपा ने बुन्देलखण्ड के किसानों से आय दोगुनी करने का वादा किया था। तमाम तरह के सपने दिखाए थे। बुन्देलखण्ड की जनता अपने दुश्मन को पहचानती है। भाजपा की केन्द्र की दस साल और राज्य की सात साल की सरकार ने झूठे वादों और सपनों के अलावा बुन्देलखण्ड उरई जालौन, झांसी, ललितपुर में कुछ नहीं किया। इस लोकसभा चुनाव में बुन्देलखण्ड की जनता भाजपा से हिसाब लेगी। बुन्देलखंड में भाजपा का सूपड़ा साफ कर देगी।

कहा कि भाजपा ने महंगाई आसमान पर पहुंचा दी है। खाद, कीटनाशक, डीजल, सिंचाई सब महंगी कर दी लेकिन किसानों की फसलों की कीमत नहीं बढ़ी। भाजपा ने किसानों को हर तरह से लूटने का काम किया है। झूठ और लूट भाजपा की पहचान बन चुकी है। भाजपा की सरकार में हमारा किसान गरीब होता जा रहा है। नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो गया। किसान, नौजवान संकट में है। भाजपा की सरकार ने बड़े–बड़े उद्योगपतियों को पहले बैंकों से कर्ज दिलाया, फिर कर्ज माफ कर दिया। उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रूपया कर्ज माफ कर दिया। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। भाजपा सरकार ने जिस समय कर्ज माफी का फैसला लिया उस समय नीति बना दी कि जिनका पांच करोड़ रूपये से ज्यादा का कर्ज है उन्हीं का कर्ज माफ होगा। बीजेपी ने गरीबों और किसानों को धोखा देने के लिए यह नियम बनाया। अखिलेश यादव ने कहा कि हम अपने गरीबों और किसानों को भरोसा दिलाते है कि दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। भाजपा ने बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया। हम लोग अपने किसानों, गरीबों का कर्ज माफ करेंगे। कर्ज माफ करने के साथ हम लोग फसलों की एमएसपी के लिए कानूनी अधिकार दिलाएंगे। भाजपा सरकार द्वारा लाए गये तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों ने आंदोलन किया और फसलों की कीमत के लिए, एमएसपी को कानूनी अधिकार के लिए आंदोलन करना पड़ा। आंदोलन में लगभग एक हजार से ज्यादा किसान शहीद हो गये। जब से बीजेपी की सरकार आयी है एक लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं।कहा कि भाजपा ने नौजवानों का जीवन बर्बाद किया। भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के दस पेपर लीक हो गये। इस सरकार ने भर्तियों के लिए तैयारी कर रहे छात्रों का पैसा और समय खराब किया। नौजवान हताश और निराश हो गया है। भाजपा नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं देना चाहती है। इसने जानबूझकर पेपर लीक कराये। भाजपा की नीयत ठीक नहीं। सेना की अच्छी खासी नौकरी को अग्निवीर बनाकर फौज की सेवा में जाने वाले युवाओं का भविष्य भी संकट में डाल दिया। हम इंडिया गठबंधन के लोग अग्निवीर योजना को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। जैसे ही इण्डिया गठबंधन की दिल्ली में सरकार बनेगी अग्निवीर योजना हमेशा के लिए खत्म कर देंगे। अग्निवीर योजना में शहीद होने वाले जवान को यह सरकार शहीद नहीं मानती, उन्हें पेंशन नहीं देती है। भाजपा की हर बात झूठी निकली। हर वादा झूठा निकला। इन्होंने किसानों की खाद की बोरी से भी चोरी कर ली। खाद की बोर से 5–5 किलो करके 10 किलो खाद निकाल ली।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा किसानों, गरीबों और आम जनता को लूट कर कम्पनियों और उद्योगपतियों को मुनाफा दिलाती है। उसके बाद उन्हीं कम्पनियों और उद्योगपतियों से चुनावी चंदा वसूलती है। भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के नाम पर लूट मचायी। दवा कम्पनियों से चंदा लिया। उन कम्पनियों ने दवाओं के दाम बढ़ा दिया। हर दवा की कीमत बढ़ा दी गयी। मोटर साइकिल की कीमत बढ़ा दी। कोरोना वैक्सीन को लेकर गंभीर रिपोर्ट आयी है। वैक्सीन कम्पनी से चंदा लेकर सबको वैक्सीन लगवा दी। वैक्सीन में कमियां उजागर होने के बाद अब वैक्सीन कम्पनी ने वैक्सीन वापस ले लिया। लेकिन जो वैक्सीन शरीर में लगवा दिया वह कैसे वापस होगा। भाजपा सरकार ने सब कर्मचारियों को जबरदस्ती वैक्सीन लगवा कर उनका जीवन संकट में डाला। भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड से कम्पनियों से बहुत पैसा वसूला है। भारी भ्रष्टाचार किया है। अभी तो चुनावी चंदे वाली पोल खुली है। भाजपा ने दस सालों में हर वर्ग को लूटने का काम किया है। इन्होंने महंगाई बढ़ा कर जनता से पैसा वसूल–वसूल कर कमर तोड़ दी है। देश की गरीब और मध्यम वर्ग जनता का जीवन तबाह कर दिया है। यह सरकार जनता की जान के पीछे तो पड़ी ही है यह संविधान के पीछे भी पड़ी है। भाजपा बाबा साहब का बनाया हुआ संविधान बदलना चाहती है। बाबा साहब अम्बेडकर का नाम मिटाना चाहती है। बाबा साहब ने जो संविधान बनाया है। उसी से गरीबों, दलितों, पिछड़ों आदिवासियों, महिलाओं, किसानों और देश की सभी जनता का हर तरह का अधिकार मिलता है। संविधान से सभी को न्याय मिलता है। यह संविधान हम सबके लिए संजीवनी है। इसी से आरक्षण और सम्मान मिलता है। यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। संविधान और देश का लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए सावधान रहना है। भाजपा को हटाना है। भाजपा वोट से नहीं नोट और खोट से चुनाव जीतना चाहती है। भाजपा बेईमानी करती है। सबको अपने वोट और बूथ की रक्षा करनी होगी। भाजपा के लोग वोट को लूटना चाहते हैं। कन्नौज में वोटों की लूट रोकने के लिए मुझे भी मैदान में उतरना पड़ा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोगों पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता है। जो उनकी जाल में फंसेगा, पक्का है धोखा खायेगा। भाजपा ने सबको ठगा है। क्या किसी को पता था कि नोटबंदी होगी, क्या किसी को पता था कि हवाई अड्डे, बंदरगाह, रेलवे स्टेशन सब बिक जायेंगे। किसी को नहीं पता था कि भाजपा ने सब बेच देगी। देश की अर्थव्यवस्था को डुबो दिया। नौकरियां आउटसोर्स कर दी। लेटरल इंट्री से आईएएस बनाकर अपने चहेतो को बड़े–बड़े पदों पर बैठा दिया। जिस तरह बड़े–बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर विदेश भाग गये वैसे ही लेटरल इंट्री भर्ती वाले आईएएस घोटाले करके विदेश भाग गये। लेटरल इंट्री में आरक्षण नहीं दिया। इसी तरह इस सरकार ने नैनो यूरिया का प्रचार किया। वह भी भारत छोड़ कर भाग गये।

# पाकिस्तान समर्थक जान लें, हमारे एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं: योगी

## मुख्यमंत्री ने फैजाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए मांगा वोट

बाराबंकी

लखनऊ (आरएनएस)इस देश में रामभक्त और रामद्रोही हैं। रामभक्त राम मंदिर से उत्साहित हैं तो रामद्रोही नाखुश हैं। रामभक्तों पर गोलियां चलाने वाले यह लोग कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है। मोदी का विरोध सिर्फ रामद्रोही और पाकिस्तान ही कर रहे हैं। रामभक्त ही राष्ट्रभक्त हैं। वे भारत के उत्थान के बारे में सोचते हैं तो रामद्रोही पाकिस्तान का राग अलाप रहे हैं। वे कहते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ मत बोलो–उसके पास एटम बम है। पाकिस्तान समर्थक रामद्रोही जान लें कि हमारे पास भी एटम बम है, हमारा एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं बना है। यह लोग एक तरफ एटम बम की धमकी से भारत के दुश्मनों का उत्साह बढ़ा रहे हैं तो दूसरी तरफ राम मंदिर का विरोध कर राम को अपमानित कर रहे हैं। सपा–कांग्रेस पर बरसते हुए यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। फैजाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए दरियाबाद रेलवे स्टेशन के पास मैदान में मंगलवार को जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस–सपा की नीतियों और नेताओं को खूब धोया। बोले कि रामद्रोही नाखुश हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है, यह राम भक्तों पर गोलियां चलाते थे। इनके समय में जन्मभूमि पर आतंकी हमला होता था और आतंकियों पर दायर मुकदमे वापस लिए जाते थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला के विराजमान होने में अयोध्या के आमजन का बड़ा योगदान है, क्योंकि आपके वोट के बल पर मोदी जी को ताकत मिलती है। विदेशी आक्रांताओं ने हमारी आस्था से खिलवाड़ कर अयोध्या में रामलला के मंदिर को क्षतिग्रस्त कर गुलामी के ढांचे को स्थापित किया था, लेकिन आपके वोट की बदौलत इसे हटाने और मंदिर बनाने की ताकत मिली। 22 जनवरी को जब 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और प्रभु रामलला अपने दिव्य–भव्य मंदिर में विराजमान हुए। आपके दर्शन करने से प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद का सर्वाधिक सौभाग्य मुझे और मोदी जी को प्राप्त होता है, क्योंकि आप की दुआ हमें लगती है। अब अयोध्या में लाखों का जनसैलाब दर्शन करने उमड़ रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में शासन की सबसे अच्छी व्यवस्था रामराज्य मानी गई। फिर भी ऐसे कौन लोग थे, जिनकी वजह से रामलला को उनकी जमीन से वंचित किया गया। विडंबना है कि स्वतंत्र भारत में 70 वर्षों तक कहना पड़ा कि अयोध्या धाम राम की जन्मभूमि है। यहां मंदिर बनना चाहिए। हमें प्रमाण और श्रीराम को खुद साक्ष्य जुटाना पड़ा। यह परिस्थिति उन लोगों ने पैदा की, जो राम मंदिर बनने से प्रसन्न नहीं हैं। आपने लल्लू सिंह को वोट दिया तो मोदी जी प्रधानमंत्री बने और सतीश शर्मा को वोट दिया तो मैं मुख्यमंत्री बना। आपकी वजह से रामभक्त सत्ता में आए तो रामलला विराजमान हुए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट त्रिकालदर्शी महर्षि वाल्मीकि के नाम पर बना। गरीबों के लिए बने भोजनालय माता शबरी के नाम पर हैं। आश्रय स्थल निषादराज के नाम पर हैं। विकास के अनेक कार्य हुए। यहां एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन व फोरलेन–सिक्सलेन सड़के हैं। पहले माफिया हावी होते थे। अब उनका राम नाम सत्य हो रहा है। हमें रामराज्य की परिकल्पना को साकार करना है तो इसके लिए भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि जो राम को लाए हैं, कमल पर बटन दबाकर आप उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कर लल्लू सिंह को कमल के फूल पर बटन दबाकर पिछली बार से दोगुने वोट से जिताने का संकल्प दिलाया। बोले तब मेहनत सार्थक होनी चाहिए अन्यथा कांग्रेस व सपा के लोग पहले से ही हमें कठघरे में खड़ा करते हैं। मोदी जी ने बिना चेहरा देखे सबका विकास किया है। अयोध्या में महाराजा राजर्षि दशरथ के नाम पर मेडिकल कॉलेज भी बन गया। जो कभी नहीं हुआ, वह मोदीराज में हुआ है। दोनों लड़के (राहुल–अखिलेश) झूठ बोलकर गुमराह कर रहे हैं। यह जीते तो मिलकर लूटेंगे और हारेंगे तो टूटेंगे। ख्यमंत्री ने कहा कि महाराज दिलीप ने गोमाता को बचाने के लिए शेर के सामने अपना शरीर प्रस्तुत कर दिया था। वहीं इंडी गठबंधन कहता है कि हमारी सरकार बनी तो अल्पसंख्यकों को रूचि के अनुसार खानपान की छूट देंगे। बहुसंख्यक समाज कहता है कि गो हमारी माता है, इसकी हत्या स्वीकार नहीं करेंगे लेकिन बहुसंख्यक समाज को चिढ़ाने के लिए अल्पसंख्यक गोमांस खाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें रामलला के विराजमान होने का पुण्य मिला है, सपा–कांग्रेस को वोट देकर पाप का भागीदार नहीं बनना है।इस अवसर पर फैजाबाद के सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह, दरियाबाद विधायक व प्रदेश सरकार के खाद्य व रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधायक

दिनेश रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, जिला प्रभारी अवनीश सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्र, पूर्व सांस उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

# मोदी की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश की जनता –स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को विपक्ष पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। जनता ही ईश्वर का रूप होती है। लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता के द्वारा ही शासन होता है। जालौन के कोंच में लोकसभा प्रत्याशी श्री भानू प्रताप वर्मा के समर्थन में अन्नदाता सम्मेलन संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सपा–कांग्रेस के मन में बेईमानी रहती है, और मोदी जी के मन में देश की आम जनता रहती है। सपा–कांग्रेस भ्रष्टाचार के लिए काम करती है, हमारे प्रधानमंत्री दिन रात काम में इसलिए लगे रहते हैं ताकि हमें बिजली–सड़क–पानी–राशन मिले, और मुफ्त शिक्षा से हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो, देश–विदेश में भारत का मान बढ़े। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि 2024 का ये चुनाव जाति और धर्म से ऊपर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। मोदी की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश की जनता है। यही वजह है कि सपा–बसपा–कांग्रेस के लोग चाहे जितना फर्जी वीडियो फैलाए और झूठ बोले लेकिन जब बूथ पर पहुंच कर ईवीएम को देखता है तो उसे सिर्फ अपने बच्चों का भविष्य, मोदी जी का विश्वसनीय चेहरा और कमल का निशान दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसके बाद तो कमल के निशान पर इतने बटन दबते हैं, इतने बटन दबते हैं कि मशीन कमल के निशान से लबालब भर जाती है. जलशक्ति मंत्री ने कहा कि सपा–कांग्रेस के नेताओं के पास सिर्फ खोखले वादे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा देश की 140 करोड़ जनता मेरा परिवार है। तो 85 करोड़ जनता को राशन पहुंचा कर उनकी चिंता भी की है। प्रधानमंत्री आवास दिया, शौचालय की व्यवस्था दी, सीधे किसानों के खाते में पैसा डाला और इनमें से किसी योजना में जाति धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया। तुष्टीकरण किसी का नहीं और भेदभाव भी किसी के साथ नहीं।कहा कि राम मंदिर बनाने का वादा जब हम अपने घोषणापत्र में करते थे तो श्री राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस कहती थी, मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। उन्होंने कहा कि जब से राम मंदिर बना है, तब से कांग्रेसियों की जुबान पर ताला लग गया है। श्री सिंह ने अन्नदाता सम्मेलन में उपस्थित लोगों से कहा कि कमल के निशान पर जमकर बटन दबानी है। आपका भाजपा को वोट देश और समाज दोनों को मजबूत करेगा।

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं का उत्साह के साथ हो भागीदारी

लखनऊ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में भारत निर्वाचन आयोग के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश में मतदान को एक उत्सव के रूप में मनाने की दिशा में अहम कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों को और गति प्रदान किये जाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने मंगलवार को अपने कार्यालय स्थित सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें एवं छठवें चरण के जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, स्वीप के नोडल अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं रणनीतियों के संबंध में चर्चा की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान मतदाता जागरूकता संबंधी आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में और गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता का उत्साह के साथ भागीदारी हो, यह सुनिश्चित किया जाय। मतदाता के पास मतदाता पर्ची न होने पर भी मतदाता सूची में उसका नाम देखते हुए मतदान कराया जाए। निर्वाचन क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों के लिए जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन किया जाय। उन्होंने प्रत्येक मतदान केन्द्र पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाने और इस पर बी0एल0ओ0 की उपस्थिति तथा मतदाता सूची की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। वोटर असिस्टेंस बूथ की पहचान के लिए संकेतक भी लगाये जाएं। मतदाता पर्ची का शत–प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जाए और प्रमाण स्वरूप मतदाता पर्ची प्राप्तकर्ता का नाम व मोबाइल नम्बर भी लें। मतदान हेतु परिवार को ले जाने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा अपने वाहन का प्रयोग करने पर उसे बूथ पर निर्धारित स्थान तक जाने से न रोका जाए। प्रत्येक मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार पर ही पोलिंग बूथ की जानकारी, शीतल पेयजल की सुविधा, शौचालय आदि के लिए संकेतक बनाये जाएं। किसी भी पोलिंग एजेंट को पुलिस द्वारा मतदान केन्द्र के बाहर नहीं किया जायेगा, गड़बड़ी की शिकायत पर संबंधित आर0ओ0ध्डी0ई0ओ0ध ए0आर0ओ0ध्सेक्टर मजिस्ट्रेट के संज्ञान में लाकर कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर जहां तक मतदाताओं की कतार हो, वहां तक छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान प्रभावित न हो इसके लिए मतदान केन्दों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति रहे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करते हुए मतदान करने में उनकी सहायता की जाए। मतदाताओं को मतदान करने के लिए इधर–उधर भटकना न पडेध, इसके लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) की जानकारी के लिए साइनेज के साथ आवश्यक व्यवस्थायें की जाएं। मतदाताओं को गर्मी से बचाने के लिए सुबह के समय अधिक से अधिक मतदान कराने के प्रयास किये जाएं। मतदाताओं एवं मतदान कार्मिकों को लू से बचाने के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध किए जाएं। प्रत्येक मतदेय स्थल पर पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं के साथ पर्याप्त ओआरएस एवं मेडिकल किट उपलब्ध करायी जाय, आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को सक्रिय रखें। मतदान स्थलों के अतिरिक्त कमरों का यथासम्भव मतदाता वेटिंग के लिए उपयोग किया जा सकता है। स्थानीय केबिल टी0वी0 चौनलों के माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाये।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेश के शेष चरणों में भी लोकतंत्र के महापर्व को उत्सव के रुप में मनाया जाये, जिससे प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के बाद गर्व की अनुभूति हो। इसके लिए प्रत्येक जनपद में विभिन्न गैर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों जैसे व्यापारी, चिकित्सक, वकील, कैमिस्ट एसोसिएशन, औद्योगिक संगठनों, आर0डब्लू0ए0, रोटरी क्लब, लायन्स क्लब, एन0वाई0के0 आदि के साथ बैठकें की जाएं और मतदाता जागरूकता रैली निकालने व गैर–राजनैतिक संदेश प्रसारित करने में उनका सक्रिय सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रशासनिक विभागों के साथ समन्वय करके और 'बुलावा टोली' के माध्यम से मतदाताओं से संपर्क कर मतदान के लिए उन्हें घर से निकलने के लिए प्रेरित किया जाय। इस टोली में आशा, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, ए0एन0एम0, रोजगार सेवक, शिक्षा मित्र जैसे कर्मचारियों को भी शामिल किया जाए और कम प्रतिशत वाले मतदान क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा जनपदों के औद्योगिक क्षेत्रों और व्यापारिक संगठनों के साथ समन्वय करके वहां कार्यरत कार्मिक व श्रमिक मतदाताओं की मतदान में सहभागिता करायी जाए। मतदाता जागरूकता रैली व कूड़ा संग्रह वाहनों में मतदाता जागरूकता संदेशों का प्रसारण किया जाए। मतदान के दिन पुलिस और सुरक्षा कर्मियों को मतदाताओं के साथ विनम्र और सहयोगपूर्ण व्यवहार के लिए प्रशिक्षित किया जाए।द बैजनाथ रावत आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

,प्रतापगढ़। अधिवक्ता परिषद अवध ईकाई प्रतापगढ़ द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। परिषद के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता व मीडिया प्रभारी शिवेश शुक्ल के अगुवाई में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। अधिवक्ताओं व वादकारियों से शत् प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। संगोष्ठी में जूनियर बार के अध्यक्ष रोहित शुक्ल मुख्य अतिथि रहे। परिषद के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारा मत ही यह तय करता है कि हम देश में कैसी सरकार चाहते हैं।

## टापर सूची में संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चे रहे अव्वल, किये गए सम्मानित

,प्रतापगढ़। संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिले की टॉपर सूची में संस्कार ग्लोबल स्कूल का एक बार फिर दबदबा कायम रहा। हाईस्कूल में शुभी शर्मा 493 ( 98.6) अंको के साथ अव्वल रही। इंटरमीडिएट में मोहन सिंह ने 486 (97.20) अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया है। शिक्षकों ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर बधाई दी है। हाईस्कूल में शुभी शर्मा ने 98.6 प्रतिशत, वरुण सोनी 96.2, सक्षम राव 95.6, अभिनव कुमार 95.4, कृष्ण कुमार सिंह 95.4, युवराज सिंह 95.2, निखिल यादव 95 प्रतिशत, निखिल कुमार 94.6, साक्षी सिंह 94.2, हर्षवर्धन मिश्रा 94 प्रतिशत, जयश शर्मा 94 प्रतिशत, श्रेया शर्मा 94 प्रतिशत, अर्जित राज 93.8, रौनक कन्नौजिया 93.8, श्रेयश मिश्रा 93.8 ने अंक हासिल कर टॉप टेन सूची में जगह बनाई है।

# सघन जाच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 13 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4736 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 27,52,463 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 25,27,396 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 9393 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9487 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 539 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 4329 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 179 केन्द्रों को सीज किया गया। 13 मई, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 20 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 15835 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 58 शस्त्र, 55 कारतूस व 09 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 67 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 01 केन्द्र को सीज किया गया।

# अब तक कुल 1,58,06,329 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,58,06,329 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 97,33,621 तथा निजी स्थानों से 60,72,708 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 10,95,661, पोस्टर के 44,26,796, बैनर के 27,08,811 एवं अन्य 15,02,353 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 8,54,125, पोस्टर के 28,14,515 बैनर के 15,27,565 एवं अन्य 8,76,503 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 134 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 140 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# प्रत्युष मिश्रा ने 98.8 प्रतिशत लाकर सेंट जेवियर स्कूल रंजीतपुर चिलबिला का किया नाम रोशन

प्रतापगढ़। सेंट जेवियर स्कूल रंजीतपुर चिलबिला इसमें सीबीएसई बोर्ड द्वारा क्लास 10 का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रत्युष मिश्रा ने 98.8 प्रतिशत लाकर प्रतापगढ़ जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया और दूसरी तरफ क्लास 12जी का भी रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें आयुष उपाध्याय 88.6 प्रतिशत मोहम्मद रिजवान 88.02: खुशी सिंह 87.8 प्रतिशत सृष्टि सिंह 84.4: श्रद्धा त्रिपाठी 84: ख्वाहिश सेनानी 82.5: राजक तिवारी 81.8 प्रतिशत उमर खान 81.6: उत्कर्ष द्विवेदी 80: स्नेहाम मौर्य 81.4: मोहम्मद आसिफ 81.4 प्रतिशत इनका परिणाम आने की जानकारी होते हुए बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं विद्यालय में एकत्र हुए परिणाम देखकर बच्चों के चेहरे खिल गए इसी प्रकार इसी प्रकार क्लास 10जी में भी 15 बच्चों का प्रतिशत 90 से 99 तक रहा।

# उच्चशिक्षा हेतु सी.एम.एस. छात्रा को 80,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ, 14 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा अंशिका सिंह को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना द्वारा 80,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अंशिका को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने अंशिका की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।



प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 80 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# ताइक्वाण्डो में सी.एम.एस. छात्रों ने 5 गोल्ड मेडल समेत 14 पदकों पर जमाया कब्जा



लखनऊ, 14 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के छात्र–छात्राओं ने सी.आई.एस.सी.ई. जोनल ताइक्वाण्डो टूर्नामेन्ट में 5 गोल्ड मेडल, 6 सिल्वर मेडल एवं 3 ब्रांज मेडल समेत कुल 14 पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का अभूतपूर्व परचम लहराया है। टूर्नामेन्ट का आयोजन काउन्सिल फॉर इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सी.आई.एस.सी.ई.) के तत्वावधान में किया गया। इस टूर्नामेन्ट में सभ्या सिंह, आराध्या पाण्डेय, आर्य राज सिंह, सुवन दुबे एवं अर्णव पठानिया ने गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है तो वहीं दूसरी ओर मदीहा खान, संध्या सिंह, प्रतिष्ठा पाण्डेय, ईशान खान, ललित साई तनुष नागामऊ एवं अमूल्य मिश्रा ने सिल्वर मेडल जीता है। इसके अलावा, आइजा अवाल, वनित जोशी एवं वीर प्रताप सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। इस ताइक्वाण्डो टूर्नामेन्ट में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती–फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते सर्वाधिक पदक अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इन सभी होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रती क्लीनिक से मतदाता जागरूकता रैली निकाल मतदान अवश्य करने का लिया संकल्प

झांसी! महाराजा अग्रसेन उत्थान समिति के तत्वावधान में सुनीता अग्रवाल की अध्यक्षता मे मतदाता जागरूकता रैली रती क्लीनिक मिशन कंपाउंड से आरम्भ हुयी महाराजा अग्रसेन उत्थान समिति झांसी के पदाधिकारियों व सभी अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण कर किया तत्पश्चात मतदान क्यों आवश्यक है इस पर सुनीता अग्रवाल ने प्रकाश डालते हुए देश के लोकतन्त्र की




मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान की भूमिका महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा ये हम सबका मौलिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी साथ ही रैली में समिति के सदस्यो ने नारों पहले मतदान – फिर जलपान एवम बीस मई को वोट डालने जाना है – जाना है भई जाना है आदि से वातावरण गुंजायमान हो उठा। रैली मिशन गेट से से होती हुई मिशन कंपाउंड के आखिर तक पड़ोसियों व मुहल्ले वालों को गर्मी से बचने व सुबह जल्दी उठकर कर मतदाताओं को गर्मी व भीड़ की लाइन से बचने हेतु प्रेरित करने की शपथ ग्रहण करायी इस श्याम सुंदर पिंटू ,मनोज वह और महिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अग्रवाल ,सचिव श्रीमती मंजू ,रजनी ,शशि ,निधि ,शशि लता ,रजनी –सुरेंद्र ,ब्रज किशोरी शशिलता ,संगीता ,मीनू , रजनी टकसारी, संध्या लिखधारी ,इंदिरा आदि लोग उपस्थित रहे इसके पश्चात निशुल्क प्याऊ जल का उद्घाटन रति आई क्लिनिक के डायरेक्टर डॉक्टर एमसी अग्रवाल के द्वारा उद्घाटन करवाया गया

# श्रेष्ठ शिक्षा देकर छात्रों को बेहतर रोजगार उपलब्ध करा रहा जीएलए विश्वविद्यालय

(मथुरा) नैक से 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा का लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए एकेडमिक श्रेष्ठता के नये मापदण्ड स्थापित करना है। आज हर क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाऐं उपलब्ध हैं। इन सम्भावनाओं को सच्चाई में बदलकर आज का युवा न केवल स्वयं सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है, बल्कि देश–समाज और मानवता के हित में भी बहुत कुछ कर सकता है। बात है सिर्फ उचित मार्गदर्शन और सही अवसर की ।जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्रों व स्कालर्स को सर्वश्रेष्ठ दिशा–निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ–साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ़ प्रतिज्ञ है । शोर–शराबे से दूर, प्रदूषण मुक्त एवं हरी–भरी भूमि पर स्थापित मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के शैक्षिक इतिहास में सही अर्थों में एक मील का पत्थर है।वर्तमान समय में हर शैक्षणिक संस्था के लिए यह अनिवार्य हो चुका है कि वह अपने सभी छात्रों को उनके चुने हुए पसंदीदा क्षेत्र का आधुनिकतम शैक्षिक झ तकनीकी ज्ञान तथा अनुसंधान उपलब्ध कराये। साथ ही उनके मानसिक व रचनात्मक स्तर को भी सर्वश्रेष्ठ ढंग से विकसित करे। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही इस तथ्य को अपने स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विश्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ–साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है। कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल कहते है कि किसी भी विषय को सीखने–समझने के लिए अलग–अलग तरीके होते हैं। किसी छात्र को कोई विषय सुनकर अच्छी तरह समझ आता है, किसी छात्र को पढ़कर समझ आता है, किसी छात्र को वही विषय डिस्कशन के द्वारा समझ आता है, तो वहीं किसी छात्र को उस विषय पर पूछे गये प्रश्नों को हल करके । इसी प्रकार कुछ छात्रों को कोई विषय 'प्रोजेक्ट एक्टिविटी के द्वारा तथा कुछ को उस 'विषय' से सम्बन्धित प्रयोगों को स्वयं प्रयोगशाला में वास्तविक रूप से करके ही समझ आता है। जीएलए विश्वविद्यालय ने अपने सभी विषयों व पाठ्यक्रमों में शिक्षण–प्रशिक्षण के लिए इन विधियों–तरीकों को निष्पक्ष रूप से अपनाया है ताकि हर छात्र अपनी रूचि के अनुरूप अपने विषय झ शाखा में पारंगत हो सके ।विश्वस्तरीय तथा सुविख्यात संस्थानों जैसे कि आईआईटी, एनआईआईटी से जुड़े रह चुके युवा शोधार्थियों तथा अनुभवी शिक्षकों को जीएलए विश्वविद्यालय की फैकल्टी में शामिल किया गया है। जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षक न केवल लैक्चर तक ही सीमित है, बल्कि हर पक्ष हर बिन्दु को पूरी तरह व्यावहारिक तथा प्रायोगिक ढंग से समझाते हैं, ताकि जीएलए के छात्र झ छात्राऐं अपने विषयों पर गहराई तक पूरी पकड़ प्राप्त कर सकें। जीएलए विश्वविद्यालय का मूल मन्त्र झ परफैक्ट टीचिंग के साथ–साथ परफैक्ट लर्निंग भी है।





अपने छात्रों को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जॉब झ अपॉर्च्युनिटी एवं प्लेसमेन्ट हेतु पूरी तरह योग्य व सक्षम बनाने के लिए हमने हर विषय व ब्रान्च का पाठ्यक्रम तैयार करते समय नैसकॉम, मैकिन्जी व वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट्स को भी पूरी तरह ध्यान में रखा है। इन रिपोर्ट्स में प्रस्तुत आंकड़ों एवं सुझावों को ध्यान में रखकर तैयार किए गये 'पाठ्यक्रम के कारण हमारे छात्रों के लिए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों की सम्भावनाओं में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी हो रही है। विश्वविद्यालय में अल्ट्रा–मॉडर्न टैक्नोलोजी पर आधारित श्रेष्ठ इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। जिसके कारण यहां के हर छात्र झ छात्रा को अपने शैक्षिक व तकनीकी ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ स्तर पर ले जाने का पूरा अवसर मिलता है।

वर्तमान में जीएलए विश्वविद्यालय में छात्र इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टैक्नोलोजी, इन्स्टीटयूट ऑफ बिजनेस मैनेजमैन्ट, इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च व इन्स्टीटयूट ऑफ एप्लाईड साईन्सेज एण्ड हयूमिनिटीज, इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (विधि संस्थान), एजुकेशन में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान को अपने 36000 से अधिक पूर्णतया सफल 'एल्यूमनाई झ बेस' (पूर्व छात्र झ छात्राओं) पर गर्व है। जीएलए विश्वविद्यालय वर्तमान में इन्जीनियरिंग की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं में अन्डर ग्रेजुएट, पोस्ट–ग्रेजुएट व डॉक्टरल कोर्सेज उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा बीटेक ऑनर्स कोर्स भी शुरूआत की गई है।विश्वविद्यालय का समर्पित 'ट्रेनिंग व प्लेसमेंट' विभाग यहां के छात्र–छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ व परफैक्ट स्तर तक पहुंचने में समर्थ बनाता है, ताकि वे अपनी इच्छा के क्षेत्र में बेस्ट प्लेसमेंट पा सकें। जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्र झ छात्राओं को शिक्षा और तकनीकि श्रेष्ठता के उन सर्वश्रेष्ठ स्तरों पर पहुंचने में भी सहायता करता है, जहां सर्वश्रेष्ठ व महान लक्ष्य खुद उन्हें खोजे ।

यह वास्तव में अत्याधिक गर्व व हार्दिक सन्तोष का विषय है कि प्रतिवर्ष जीएलए के लगभग 86 प्रतिशत विद्यार्थियों को परीक्षा और इन्टरव्यूज के माध्यम से ही 500 से अधिक कंपनियों द्वारा चुन लिया जाता है। इसके साथ ही जीएलए विश्वविद्यालय इन्डस्ट्रियल विजिट्स, गैस्ट लैक्चर्स, वर्कशॉप्स, ट्रेनिंग कार्यक्रम, विभिन्न प्रकार के डवलपमेंट कार्यक्रम, कॉफ्रेंस, सेमिनार आदि का निरन्तर आयोजन करता रहता है। इन विजिट्स तथा कार्यक्रमों में विशेषज्ञ फैकल्टी मेम्बर्स, वैज्ञानिकों, इन्जीनियर्स तथा प्रतिष्ठित व सफल उद्धमियों को आमन्त्रित किया जाता है, जो यहां के छात्र झ छात्राओं को अपने ज्ञान अनुभव और अपनी सफलता के वास्तविक कारणों के बारे में बेहद दोस्ताना माहौल में बताते हैं। इस प्रकार से यहाँ के छात्र–छात्राओं को व्यापक सोच के साथ ऊंचे लक्ष्यों तक पहुँचने का ज्ञान व उत्साह से परिपूर्ण दिशा–निर्देश निरन्तर प्राप्त होता रहता है। एक उच्चकोटि के शैक्षणिक व तकनीकि संस्थान के रूप में जीएलए विश्वविद्यालय छात्र–छात्राओं को शिक्षा व तकनीकि ज्ञान के सर्वोच्च स्तर उपलब्ध कराकर देश और समाज के विकास व कल्याण में अधिकतम योगदान देने को पूर्णतया दृढ़ संकल्पित है। जीएलए विश्वविद्यालय के आधारभूत सिद्धान्त व आदर्श कुलाधिपति श्री नारायण दास अग्रवाल के संस्कारपूर्ण आदर्शों पर ही आधारित हैं।

# साहित्य के बिना समाज का परिवर्तन सम्भव नहीं–प्रो. डी के त्रिपाठी

सुलतानपुर(आरएनएस)। साहित्य लोगों को संवेदनशील बनाता है। इसके बिना समाज का परिवर्तन सम्भव नहीं है। साहित्य में सात्विक आनंद है। इसलिए हिन्दी साहित्य का अध्ययन महत्वपूर्ण है। हिंदी के विद्यार्थी जीवन के विविध क्षेत्रों में आसानी से सफल हो जाते हैं।' यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहीं। वह मंगलवार को महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित विदाई समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। परास्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए यह समारोह आयोजित किया था। मां सरस्वती, राणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर शिक्षकों तथा सहपाठियों का स्वागत किया। परास्नातक अंतिम वर्ष के सौरभ, निखिल शर्मा, नेहा चौरसिया आदि ने अपने अनुभव साझा किए। आशुतोष पाण्डेय ने सरस्वती वंदना साक्षी पाण्डेय आदि ने राम स्तुति व हेरा फरहत और आशुतोष राणा ने स्वरचित विदाई गीत प्रस्तुत किया। प्रीति वर्मा और पार्वती सोनी ने नृत्य और कैटवॉक प्रस्तुति का संयोजन किया। एम ए चतुर्थ सेमेस्टर के सात्विक सिंह मिस्टर और दीक्षा अग्रहरि मिसेज फेयरवेल चुने गए। संचालन एम ए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र इन्द्र कुमार भारती, स्वागत असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि व आभार ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि कुमार ने किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रंजना पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विभा सिंह व डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह समेत एम ए हिन्दी के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित शिक्षको व विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।




# छात्र की आत्महत्या के दुष्प्रेरण का आरोपी शिक्षक निलंबित

## –छात्र आत्महत्या मामले में कुलपति ने गठित की थी उच्च स्तरीय जांच कमेटी

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौध्द्योगिक विश्वविध्द्यालय में सोमवार को हुए छात्र यशपाल सिंह के आत्महत्या मामले में कुलपति डा बिजेंद्र सिंह ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक विशुद्धानंद को निलंबित कर दिया है। घटना के बाद कुलपति ने सोमवार की ही शाम को ही उच्च स्तरीय 10 सदस्यीय कमेटी गठित कर दी थी। जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई। मंगलवार को प्रातः नौ बजे कुलसचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने कुलपति के साथ दो घंटे तक बैठक की और अपनी आख्या प्रस्तुत की। प्रथम जांच में ही दोषी पाए जाने के बाद आरोपी शिक्षक को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया गया। विवि के मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना के संबंध में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के छात्र–छात्राओं के आई.डी नंबर के साथ व्यक्तिगत जानकारी समिति दर्ज करेगी। पुख्ता सबूतों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी जिसकी निष्पक्ष जांच के लिए कुलपति ने कुलसचिव डा पी एस प्रमाणिक की अध्यक्षता में कुल 10 लोगों की उच्च स्तरीय समिति गठित की है। जिसमें निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण डा ए के सिंह, कृषि अधिष्ठाता डा प्रतिभा सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा डी के दिवेदी, वानिकी अधिष्ठाता डा संजय पाठक, सामुदायिक विज्ञान अधिष्ठाता डा साधना सिंह, सुरक्षा अधिकारी आर के सिंह, डा नवाज खान, डा सी एन राम, डा नीरज यादव शामिल किया गया है। कुलपति के आदेश के बाद आरोपी शिक्षक विशुद्धानंद तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने का आदेश विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण एक सिंह की ओर से जारी कर दिया गया है। छात्र के मेजर एडवाइजर एवं चेयरमैन डॉ विशुद्धानंद सहायक प्राध्यापक पशुधन फार्म कंपलेक्स विभाग को निलंबन के बाद फसल अनुसंधान मसौधा से संबद्ध कर दिया गया है।

# वंशिका ने 94.4 प्रतिशत अंक पाकर बढ़ाया मान

सुल्तानपुर(आरएनएस)। स्टेळामारिस कान्वेंट स्कूल सुल्तानपुर में अध्यनरत वंशिका सिंह ने हाई स्कूल के परिणाम में 94.4 अंक पाकर विद्यालय व परिवार का नाम किया रोशन। वंशिका सिंह बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय रोजी सिंह की पुत्री है। वंशिका सिंह के उत्कृष्ट प्रदर्शन से बेसिक शिक्षा विभाग में भी खुशी का माहौल है।

# राजनाथ सिंह ने दी लखनऊ को एक नई दिशा- देवाशीष देव अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लकड़ी व्यापार मंडल

लखनऊ संवाददाता ।आज सुबह तिलक नगर में लखनऊ से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी माननीय श्री राजनाथ नाथ सिंह जी के समर्थन में जनसंपर्क किया गया । जनसंपर्क में मुख्य रूप से श्री महेश अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष गाजियाबाद भाजपा, मीडिया प्रभारी भाजपा एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लकड़ी व्यापार मंडल देवाशीष देव, पार्षद श्री राजीव बाजपेई, पूर्व पार्षद श्री सुधीर मिश्रा, मोहित महाजन, शिवा, अनिल मिश्रा,श्री रंजीत धानुक पूर्व पार्षद, श्री चंद्रशेखर जैन एवं अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे स जनसंपर्क के दौरान उत्तर प्रदेश लकड़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवाशीष देव जी ने कहा कि राजनाथ सिंह जी ने लखनऊ के विकास के बहुत से स्वर्णिम कार्य किए हैं एवं लखनऊ को एक नई दिशा प्रदान की है ।



# रात में धरना प्रदर्शन करते कृषि विवि के छात्र–छात्राएं

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के छात्र यशपाल सिंह की मौत के बाद विश्वविद्यालय के छात्रों का गुस्सा फूट गया था और कुलपति आवास को जाने वाले मुख्य गेट पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे थे। वार्ता करने छात्रों के पास पहुंचे कुलपति को साथी की मौत से नाराज छात्र–छात्राओं के आक्रोश का भी सामना करना पड़ा। बता दें कि आक्रोशित छात्र कुलपति को प्रदर्शन स्थल पर आकर वार्ता करने की मांग कर रहे थे। छात्रों की मांग थी कि छात्र यशपाल सिंह की मौत के आरोपी गाइड एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विशुद्धानंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए और उसे जेल भेजने के साथ–साथ विश्वविद्यालय से उसकी सेवा समाप्ति की जाए ।उधर अनहोनी से निपटने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में कुमारगंज इनायत नगर और खंडासा थाने से भारी संख्या में पुलिस फोर्स प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई थी। प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह और क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह उग्र एवं आक्रोशित छात्र–छात्राओं को समझाने बुझाने में लगे थे। देर रात विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह धरना स्थल पर पहुंचे जिन्हें देख छात्रों ने खूब जोर–जोर से नारेबाजी की। उन्होंने छात्रों को शांत करते हुए आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही तथा मुकदमा कायम कराए जाने का आश्वासन भी दिया। छात्र–छात्राओं एवं मौके पर मौजूद मृतक छात्र यशपाल सिंह के भाई ने मामले में कार्यवाही किए जाने हेतु कुलपति सहित कुमारगंज पुलिस को प्रार्थोना पत्र दिया। हालांकि मौके पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह की सूझबूझ के चलते बड़ा मामला

होते होते बाल बाल बच गया। रात करीब 2:35 पर आंदोलित छात्र ह प्रदर्शन स्थल से हटे और तब जाकर पुलिस प्रशासन सहित विश्वविद्यालय प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# भगवान् कृष्ण की बाल लीला को सुन भाव विभोर हुए श्रोता

अमानीगंज–अयोध्या (आरएनएस) क्षेत्र के टंडवा गाँव में भूपेंद्र सिंह के यहां आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा वाचक देवेंद्र पाठक महराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। दशरथ गद्दी अयोध्या से पधारे कथावाचक देवेंद्र पाठक महराज ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाते हुए कहा कि कृष्ण के पैदा होने के बाद राजा कंस द्वारा उनकी मृत्यु कराने के लिए बलशाली राक्षसी पूतना को गोकुल धाम भेजते हैं। पूतना वेष बदलकर गोकुल धाम पहुंचती है और भगवान श्री कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, परंतु जैसे ही भगवान कृष्ण पूतना का दूध पीते हैं तो पूतना की मौत हो जाती है। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्ना करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने के की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज का पूजन करने की बात कहते हैं। भगवान कृष्ण की यह बात सुनकर राजा इंद्र क्रोधित हो जाते हैं और अपने क्रोध के चलते गोकुल धाम में भारी वर्षा करते हैं, जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं।

# संपादकीय

## अंतिम मुहर परिणाम ही होगा

अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आते ही ताल ठोकने लगे हैं। वे भाजपा नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावनाओं पर संशय पैदा कर रहे हैं।उनकी तर्ज पर गारंटीमय हो रहे हैं। कल रविवार को उन्होंने लोक–लुभावनी 10 गारंटी दीं, वे भाजपा के लिए–खुद उनके लिए भी–तलवार की तेज धार होने वाली हैं। इनमें अन्यों की तरह ही कुछ अतिवाद हैं। जैसे चीन से जमीन लेना, दो करोड़ रोजगार देना और हर घर को बिजली एवं गरीबों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा। पर यह कांग्रेस के घोषणापत्र के साथ मिलकर भाजपा का घेराव बनाती है।

चुनाव प्रचार के जिस एकल ध्येय से सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी, उसमें वे धार दे रहे हैं। मोदी को उन्हीं की बोली–बानी और कार्यशैली में जवाब दे रहे हैं। तो क्या इसीलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया था ताकि वे गुजरात में विकल्प का अर्थ न बन सकें? वस्तुतरू ऐसा है नहीं। स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी गिरफ्तारी को वैध माना है। आबकारी मामले के मेरिट पर भी प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है। उनको दो जून को समर्पण का आदेश दिया है।

जब यह सब है ही तो फिर अंतरिम जमानत क्यों? कोर्ट का कहना है कि वे आदतन अपराधी नहीं, चुने सीएम हैं, चुनाव पांच साल में आता है। प्रचार करने देने में कोई हर्ज नहीं है। फिर झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन पर इसी नजरिए से विचार क्यों नहीं हुआ जबकि चुनाव उनकी भी पार्टी लड़ रही है?
न्यायालय का यह 'सेलेक्टिव एप्रोच' आम जनमानस को पच नहीं रहा है। इसलिए भी कि ईडी की इस ठोस दलील की उपेक्षा की गई है कि तब हरेक विचाराधीन राजनीतिक कैदी को चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर करना होगा। इससे जमानत का नया आधार बनेगा। इससे समानता के सिद्धांत का विभाजन होगा।
केजरीवाल की अंतरिम रिहाई इसलिए अटपटी लग रही है। अब इसका राजनीतिक–न्यायिक संदेश जो भी हो, पर दिल्ली के मुख्यमंत्री बाहर हैं। वे इंडिया गठबंधन के मजबूत और विजयी होने की अवधारणा बनाने में राहुल गांधी की आक्रामकता से मिलकर अपना योगदान दे रहे हैं।
तीन चरणों के चुनावों में मतों की गिरावट में भाजपा की अंदरूनी लड़ाई और मोदी के भाषणों में उठाए मुद्दों के आधार पर जो परिदृश्य बन रहा है, वह सत्ता–प्रतिष्ठानों के तमाम अंगों पर पडने वाले दबावों को जाहिर करता है। जनता के संदर्भ में एक नए आकलन पर विचार शुरू होने का संकेत देता है। विपक्ष के लिए यह सांत्वना है। पक्ष–विपक्ष के आशावाद पर अंतिम मुहर परिणाम ही होगा।

## कम मतदान बना पहेली

आधा चुनाव हो चुका है। हर एंकर, रिपोर्टर, चुनाव विशेषज्ञ कहीं खुले कहीं छिपे 'कयास' लगाते रहते हैं कि कौन जीत रहा हैरू'एनडीए' कि 'इंडी' गठबंध? यों, अपना मनोबल बनाए रखने के लिए हर दल, हर नेता एक मनोवैज्ञानिक युद्ध भी लड़ रहा है। हर कोई अपने पक्ष को जीतता बताता रहता है। इसलिए भी चुनाव विश्लेषणों में एक 'असमंजस' सा बना रहता है। ऐसे विश्लेषणों को देख एंकर तक अपनी 'चुनाव चरचाओं' का यही कहके अंत करते हैं कि इंतजार करें 4 जून को 'दूध का दूध पानी का पानी' हो होगा।हमारी नजर में इस तरह के 'असमंजस' का एक बड़ा कारण 'मतदान का कम' होना है। 'चुनाव आयोग' के आंकड़े बताते हैं कि अब तक जितना मतदान हुआ है वह 2019 की अपेक्षा कम हुआ है। 'कम मतदान' किसको मदद कर रहा है, यह सवाल मीडिया में भी पहेली बना हुआ है। 'एनडीए' के पक्षधर कहते हैं कि 'एनडीए' तीनों चरणों में एक तिहाई से अधिक की सीट जीत चुका है और इसीलिए विपक्ष का बल्ब 'फ्यूज' नजर आता है। जवाब में 'इंडी' वाले कहते हैं कि 'लिखकर ले लो मोदी हार रहा है'। जाहिर है कि इन चुनावों का असली सवाल यही है कि वोट कम क्यों पड़ा? कुछ विश्लेषक मानते हैं कि 'कम मतदान' भाजपा के पक्ष में नहीं गया तो कुछ मानते हैं कि भाजपा के पास 'काडर' है, वो अपने वोटरों को बूथ तक ले आती है जबकि विपक्ष नहीं ला पाता क्योंकि उसके पास 'काडर' नहीं है।

'कम मतदान' के बारे में विपक्ष का कहना है कि लोग मोदी से नाराज हैं क्योंकि महंगाई है, बेरोजगारी है। इसलिए विपक्ष जीत रहा है। इसकी काट कई चुनाव विश्लेषक इस तरह करते हैं कि 'मंहगाई', 'बेरोजगारी' मुद्दे तो हैं लेकिन ये 'जनता की नाराजगी' में नहीं बदल रहे। 'जनता नाराज' होती तो वोट अधिक पड़ता। हमारे चुनाव विशेषज्ञ प्रायरू'स्विंग विशेषज्ञ' रहे हैं। 'इस' या 'उस' ओर इतने प्रतिशत 'स्विंग हो तो इतनी सीटें इधर बढ़ेंगी या उधर बढ़ेंगी..' जैसे विश्लेषण के आदी रहे हैं लेकिन 'कम वोट पड़ा' यानी 'रिवर्स स्विंग' हुआ तो किसका वोट कम हुआ..', इसके विश्लेषण के आदी नहीं हैं। बहसों में वोट कम पडने के कई कारण बताए गए हैंरू एक, 'तीखी गरमी' तो दूसरा, वोटिंग का 'शनि' या 'रवि' को होना है जबकि इन दो दिन शहरी लोग सैर–सपाटे के लिए बहर निकल जाते हैं। तीसरा कारण नेताओं का दल बदल है जिसके कारण वोटरों में निराशा है। चौथा कारण 'इंडी' दलों की सीटों का 'देर से बंदरबांट' है जिसके कारण 'वोट ट्रांसफर' नहीं हो पा रहा। यों, एक तर्क यह भी है कि चुनाव में 'ध्रुवीकरण' की राजनीति हो रही है, इसलिए भी आम आदमी इधर या उधर कमिट नहीं करना चाहता और इसीलिए उत्साह से वोट डालने नहीं आ रहा। एक कारण यह भी बताया जाता है कि न सत्ता पक्ष के पास कहने या देने को कुछ नया है न विपक्ष के पास कहने या देने को कुछ नया है, इसलिए भी कम वोट पड़ रहा है। इसी तरह कुछ का मानना है कि चूंकि हर दल एक दूसरे को 'भ्रष्ट', 'चोर' और 'सांप्रदायिक' कहता है, और सबकी भाषा में वही 'हेट', वही 'गाली' और वही 'हिंसा' है, इसलिए भी वोटर छिटक गया है, उसका अपने नेताओं पर से यकीन उठ सा गया लगता है।इन कारणों ने भी वोटरों में एक प्रकार का 'संशय' और 'सनकीपन' (सिनीसिज्म) पैदा किया है, इसलिए वे वोट डालने कम निकल रहे हैं। कुछ मानते हैं कि चुनावों के दो महीने से अधिक लंबा खिंचने ने भी लोगों में एक 'ऊब' और 'थकान' पैदा कर दी है। कुछ चुनाव विशेषज्ञ इस बार के चुनाव में 'युवाओं की हिस्सेदारी' के 'कम होने' पर विचार करते हुए कहते हैं कि वोट डालने के लिए बाजाप्ता रजिस्र्टड हुए कुल युवाओं में से मात्रा 17 फीसद युवाओं ने ही वोट डाला है, जो अपेक्षा से काफी कम है। इसका एक कारण बताते हुए वे कहते हैं कि चूंकि आज का युवा 'अति चंचल व्यक्तिवादी' (हाइपर इंडिविजुअलिस्ट) है, इसलिए वोट डालने में दिलचस्पी नहीं रखता। हमारा मानना है कि चूंकि आज के 'सोशल मीडिया' और 'साइबर तकनीक' ने उसे 'चौबीस बाई सात' के हिसाब से जरूरत से ज्यादा 'पॉलिटिक्स' देकर राजनीति से ही बुरी तरह 'उबा' दिया है, बोर कर दिया है, और इस तरह उसे 'अराजनीतिक' (एपॉलिटीकल) जैसा बना दिया है, इसलिए भी वह वोट डालने नहीं आता। चुनाव आयोग कोशिश कर रहा है कि वोटिंग बढ़े, इसके लिए वो विज्ञापन भी दे रहा है, जिसमें सेलीब्रिटीज लोगों से वोट डालने का आह्वान करते हैं। फिर भी वोट नहीं बढ़ रहा।

# प्रवासी कामगारों से मजबूत होती अर्थव्यवस्था



भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं।इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) की 7 मई 2024 को जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत विदेशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों से सबसे ज्यादा धन पाने वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध हुआ है। मैक्सिको, चीन, फिलीपींस व फ्रांस जैसे देश भी इस सूची में भारत की तुलना में नीचले पायदानों पर है। भारत के लिये यह गौरव की बात है और इससे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने के भारत के प्रयासों को भी बल मिलेगा। नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में विदेशों में रह रहे भारतीय कामगारों ने अपने खून–पसीने की कमाई से अर्जित धनराशि में से वर्ष 2022 में 111 बिलियन डॉलर अपने देश भेजे हैं। यह आंकड़ा जहां विश्व में भारतीय श्रमशक्ति की गौरवपूर्ण गाथा को दर्शाता है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था में उनके अमूल्य योगदान को दिखाता है। आईओएम की ताजा रिपोर्ट वैश्विक प्रवास पैटर्न में महत्त्वपूर्ण बदलावों का खुलासा करती है, जिसमें विस्थापित लोगों की रिकॉर्ड संख्या और अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण में बड़ी वृद्धि शामिल है। पूरे विश्व में अनुमानित 281 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के साथ, संघर्ष, हिंसा, आपदा और अन्य कारणों से विस्थापित व्यक्तियों की संख्या आधुनिक रिकॉर्ड में उच्चतम स्तर तक बढ़ गई है, जो 117 मिलियन तक पहुँच गई है, जो विस्थापन संकट को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करती है। भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इनके अलावा भारतीय कामगार भी बड़ी संख्या में विदेशों में अपने श्रम से धन अर्जित करके न केवल अपने परिवारों का पालन–पोषण करते हैं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। निश्चित रूप से यह उन कामगारों के भारत के प्रति आत्मीय लगाव एवं देशप्रेम को ही दर्शाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान करने वाले इन श्रमवीरों के प्रति देश कृतज्ञ है। निश्चित रूप से इसका भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दुनिया में भारतीय श्रम–शक्ति एवं प्रतिभाएं अपनी क्षमता, कौशल एवं प्रतिभा से विपुल आर्थिक, सामाजिक एवं विकासमूलक योजनाओं की नयी संभावनाओं के द्वार खोलती है, जिससे दुनिया में भारत की ताकत को नये पंख लगते हैं। भारतीय कामगारों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं एवं कौशल के लिए शीर्ष प्रवासन गलियारे संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब हैं जबकि राजनीतिक कारणों से भारत में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश से आती है। प्रश्न है कि भारतीय कामगार एवं प्रतिभाएं जितनी बड़ी संख्या में विदेशों में जाकर अपनी क्षमताओं एवं प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, विदेशी प्रतिभाएं उतनी संख्या में भारत नहीं आ रही है। वोट बैंक बढ़ाने के लिये बांग्लादेश आदि पडौसी देशों से गरीब एवं मुसलमानों का बड़ी संख्या में देश में आना, यहां के विकास को अवरोध करता है। इस तरह के लोगों के आने से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, वही उनका भारत के विकास में योगदान नगण्य है और उनका भारत से कोई मजबूत एवं आत्मीय रिश्ता भी कायम नहीं हो पाता है, यह एक समस्या के रूप में भारत के विकास को बाधित करता है। दुनिया में भारतीय श्रम एवं कौशल की बड़ी मांग है। क्योंकि भारतीय मजबूर मेहनती, ईमानदार एवं कार्यनिष्ठ होते हैं। विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है। भारत सरकार उन देशों के साथ एग्रीमेंट करने जा रही है, जहां आबादी तेजी से घट रही है। वैसे हम पहले ही जापान और फ्रांस के साथ लेबर सप्लाई एग्रीमेंट कर चुके हैं। इजरायल के साथ भी एक करार है, जिसके तहत हजारों भारतीय वहां खेती और मजदूरी के लिए भेजे जा रहे हैं। यूनान ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे। विदेशों से धन भेजने के आकंड़े का बढ़ना दर्शाता है कि प्रवासियों का अपनी मातृभूमि के बीच कितना मजबूत, आत्मीय व स्थायी संबंध है। लेकिन इसके साथ ही भारत सरकार का दायित्व बनता है कि इस उपलब्धि की खुशी मनाते वक्त प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को भी पहचाना जाए और उनका समाधान किया जाये। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि प्रवासी कामगारों को वित्तीय शोषण, प्रवासन लागत के कारण बढ़ते ऋण दबाव, नस्लीय भेदभाव व कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिनके निराकरण के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत अपने प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये संबंधित देशों से रणनीतिक तरीकों से रास्ता निकालना चाहिए। निस्संदेह, भारत सरकार को प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये हमारे दूतावासों के जरिये विशेष कदम उठाने चाहिए। दरअसल, खाड़ी सहयोग परिषद के राज्यों में जहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी कार्यरत हैं, उनके अधिकारों का उल्लंघन जारी है। खासकर कोविड–19 महामारी के दौरान भारतीय कामगारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेष तौर पर अर्द्धा–कुशल श्रमिकों और अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के कई तरह के संकटों को बढ़ा दिया था। बड़ी संख्या में उनकी नौकरियां खत्म हुई, वेतन नहीं मिला। सामाजिक सुरक्षा के अभाव में कई लोगों को कर्ज में डूबना पड़ा। जिसके चलते बड़ी संख्या में ये कामगार स्वदेश लौटे। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों की तरफ भारतीय छात्रों के बढ़ते रुझान की ओर भी आईओएम की अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट इशारा कर रही हैं। बहरहाल, प्रवासन के बदलते परिदृश्य में प्रवासी भारतीयों के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिये ठोस प्रयासों की जरूरत है। किसी भी तरह श्रमिकों का शोषण न हो और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय कामगारों के लिये सुरक्षित व व्यवस्थित प्रवासन मार्ग संभव हो सके। यह समावेशी विकास की पहली शर्त भी है। हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि विदेशों में कामगारों के हितों की रक्षा के साथ ही भारत में रह रहे उनके परिवारों का भी विशेष ख्याल रखा जाए। जिससे उनका देश के प्रति लगाव और गहरा हो सके। सरकार कामगारों को विदेश भेजने की पहल में काफी सक्रिय दिख रही है। कम से कम दो जरूरी बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए। पहला, जिन कामगारों की बात की जा रही है वे ज्यादा पढ़े–लिखे या कुशल नहीं हैं, ऐसे में यह जरूरी है कि इन लोगों का चयन पारदर्शी तरीके से हो। अगर जरूरत पड़े तो इस प्रक्रिया में किसी तीसरे भरोसेमंद पक्ष को भी शामिल किया जाए। दूसरी बात, अलग–अलग देशों में जैसे–जैसे भारतीय मजदूरों की संख्या बढ़ेगी, भारत को अपनी राजनयिक मौजूदगी बढ़ाने पर विचार करना चाहिए ताकि वहां काम करने वाले भारतीयों की परेशानियों का जल्दी समाधान हो सके। सरकार की इस पहल का स्वागत कई कारणों से अवश्य किया जाना चाहिए। भारत में कुशल और मेहनती कामगारों की तादाद बहुत ज्यादा है। कई वर्षों से संगठित और अनौपचारिक तरीके से ये कामगार कई देशों में जाते रहे हैं और इसका अंदाजा विदेश से भारत भेजी जाने वाली राशि से मिलता है। भारत भी अपने व्यापारिक साझेदार देशों के साथ किए जाने वाले विभिन्न समझौतों में भी कामगारों की आवाजाही की वकालत करता रहा है।

## वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। आपको ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्यक्ष कर

# कैसरगंज लोकसभा सीट बृज भूषण शरण सिंह पर व का दबदबा था, दबदबा है और दबदबा रहेगा

हम आपको बता दें कि कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई को पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। समाजवादी पार्टी ने कैसरगंज से भगत राम मिश्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है जोकि श्रावस्ती के पूर्व भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा के बड़े भाई हैं। भगत राम मिश्रा कांग्रेस में भी रह चुके हैं। उत्तर प्रदेश का कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र इस बार काफी चर्चा में है क्योंकि यहां से भाजपा ने अपने निवर्तमान सांसद बृज भूषण शरण सिंह का टिकट काट कर उनके बेटे करण भूषण सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। कुश्ती खिलाड़ियों के साथ विवाद के चलते कुछ नए मुकदमों का सामना कर रहे बृज भूषण सिंह का टिकट काटना भाजपा के लिए आसान नहीं रहा और उनकी संभावित बगावत के चलते हुए ही नामांकन की अंतिम तिथि से पहले उनके बेटे के नाम का ऐलान किया गया। खास बात यह रही कि समाजवादी पार्टी और बसपा ने भी इस सीट पर अपने उम्मीदवार का नाम घोषित करने में जानबूझकर देरी की। दरअसल यह दोनों पार्टियां इस ताक में थीं कि यदि टिकट नहीं मिलने पर बृजभूषण भाजपा से बगावत करते हैं तो उन्हें अपनी पार्टी से उम्मीदवार बना दिया जाये। प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा कैसरगंज पहुँचने पर हमने कई इलाकों में जाकर तमाम वर्गों के लोगों से बातचीत की। इस बातचीत के दौरान जब अधिकतर लोगों ने अपनी बात का समापन यह कह कर किया कि श्बृज भूषण भैय्या का दबदबा



था, दबदबा है और दबदबा रहेगाश तब हमें कुछ ही घंटों में समझ आ गया कि यहां किसी अन्य दल की दाल नहीं गलने वाली है। लोगों की प्रतिक्रियाएं सुनकर यह भी समझ आ गया कि क्यों भाजपा बृज भूषण सिंह के खिलाफ बोलने या उन पर कोई कार्रवाई करने से कतराती रही। दरअसल दिल्ली में बृज भूषण शरण सिंह की कोई भी छवि गढ़ने का प्रयास किया गया हो लेकिन स्थानीय तौर पर जनता उन्हें बड़े आदर से देखती है क्योंकि यहां के लोगों के मुताबिक वह हमेशा जनता के संपर्क में रहते हैं और अधिकतर लोगों को उनके नाम से बुलाते हैं। यहां के लोगों ने हमसे बातचीत में कहा कि वह सुख में भले किसी के यहां नहीं आ पायें लेकिन दुख में साथ जरूर खड़े होते हैं। लोगों ने कहा कि यहां हर घर बृज भूषण सिंह के साथ है और जनता को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनके बारे में कोई क्या कह रहा है। लोगों ने कहा कि बृज भूषण के घर कभी भी जाओ, वह खुद और उनका पूरा परिवार सभी का सम्मान करता है। उनके घर यह नहीं देखा जाता कि कोई किस वर्ग या धर्म का है। लोगों ने कहा कि बृज भूषण के यहां से किसी को कभी खाली हाथ नहीं लौटना पड़ता और यही बात उन्हें सबसे अलग बनाती है। बृज भूषण के साथ चल रहे लोगों से जब हमने बात की तो उन्होंने कहा कि यहां हर कोई बिना पैसे के प्रचार में लगा हुआ है। लोगों ने कहा कि इस तपती धूप में अगर लोग समय निकाल कर बृज भूषण के बेटे के लिए प्रचार कर रहे हैं तो इसका कारण यह है कि वह हम सबके दिलों पर राज करते हैं।बृज भूषण के बेटे करण का जबसे नाम घोषित हुआ है तबसे तो युवाओं में जोश देखते ही बनता है। युवाओं का कहना है कि वह हमारे बीच से ही हैं और बेहद सादगी के साथ रहते हैं और सबका बहुत ख्याल रखते हैं। युवाओं ने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई मुद्दा है लेकिन हमें यह भी देखना है कि यहां की समस्याओं का निराकरण कौन कर सकता है। युवाओं ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि बृज भूषण के कदम पर चलते हुए करण भूषण सिंह भी क्षेत्र का विकास करेंगे।जब हमने बृज भूषण शरण सिंह से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि मेरा संसदीय क्षेत्र ग्रामीण इलाका है इसलिए यहां सबसे ज्यादा जरूरी चीज सड़कों का निर्माण है क्योंकि सड़क संपर्क होने से ही विकास होता है और खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि हमने अपने क्षेत्र में सड़कों का निर्माण करवाया और केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अपने क्षेत्र के लोगों को दिलवाया इसीलिए हर वर्ग के लोग हमारे साथ खड़े रहते हैं। उन्होने कहा कि जनता ने छह बार मुझे और एक बार मेरी पत्नी को संसदीय चुनाव में ऐसे ही जीत नहीं दिलवाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके बेटे भी भारी मतों के अंतर से चुनाव जीतेंगे। हम आपको बता दें कि कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20

# आज का राशिफल

मेष राशि–आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। आज किसी भी योजना को सोच–विचार करके कार्य रूप देने से लक्ष्य हासिल होगा और मन प्रसन्न रहेगा।

वृष राशि–आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी कोई भी डील मिले तो उसे हासिल करने में ज्यादा सोच–विचार ना करें। आज सही समय पर किए कामों के नतीजे अनुकूल रहेंगे। घर में सुख–शांति का माहौल रहेगा।

मिथुन राशि–आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। पारिवारिक अनबन आज समाप्त होगी, घर में सुकून और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। आज दूसरों के मामले में बिना मांगे सलाह नही दें। आप अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। आज अपने व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय बच्चों के साथ बिताएं।

कर्क राशि–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप कार्यों में व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि नहीं लेंगे। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आज आपके मन में सकारात्मक विचार आएंगे। इससे आप कोई भी फैसला लेने में सहज महसूस करेंगे। पारिवारिक सुख सुविधाओं से संबंधी चीजों की शॉपिंग करेंगे।

सिंह राशि–आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा हो जायेगा, जिससे मन प्रसन्न होगा। जो काम पिछले काफी समय से रुके हुए थे, आज वह कम मेहनत से ही सफल हो सकते है। विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रति सजग रहेंगे। किसी सम्मानित व्यक्ति के सानिध्य में कुछ समय बिताना आपके व्यक्तित्व में निखार लाएगा।

कन्या राशि–आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई– बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आज दूर होगी। आज आपकी कोई योजना समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें।

तुला राशि–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर अधिक मेहनत करनी होगी, अपनी कार्य क्षमता में कमी न आने दें। आज रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आज स्टाफ और सहयोगियों के साथ किसी विशेष कार्य पर विचार विमर्श होगा, जो कि सकारात्मक रहेगा। विस्तार संबंधी योजनाओं को गंभीरता से लें।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे।

धनु राशि–आज आपका दिन मिला–जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगें, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। धार्मिक कार्यों में कुछ पैसे खर्च कर सकते है। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है।

मकर राशि–आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। नए कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि–आज आपका दिन बढिया रहने वाला है। अगर आज आप इंटरव्यू देने जा रहे है तो आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे।

मीन राशि–आज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले, अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है। आज आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा करेंगे। इस दौरान आप

# भारत की ओर चल पड़ा पीओके पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में फैली अराजकता कैसे इस्लामाबाद के लिए है खतरे का संकेत

किस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा सोमवार को 23 बिलियन पाकिस्तानी रुपये के पैकेज की घोषणा के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया गया है। लेकिन श्रीनगर घाटी में आर्थिक असमानताओं और कब्जे वाले कश्मीरियों में शोषित जनता के बढ़ने के बावजूद यह इस्लामाबाद के लिए एक खतरे का संकेत है। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में 1996 के बाद 2024 लोकसभा के लिए सबसे अधिक 37.98 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कश्मीरी 9 मई से इस्लामाबाद के सौतेले व्यवहार के खिलाफ आवाज बुलंद करते दिखे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। मुजफ्फराबाद समते कई शहरों में प्रदर्शन के दौरान हिंसा, आगजनी तक देखने को मिली है। 90 से ज्यादा लोगों को प्रदर्शन के दौरान चोटें लगी हैं। विरोध प्रदर्शन का कारण छापेमारी और गिरफ्तारियों का दौर देखने को मिल रहा है। हालाँकि, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा सोमवार को 23 बिलियन पाकिस्तानी रुपये के पैकेज की घोषणा के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया गया है। लेकिन श्रीनगर घाटी में आर्थिक असमानताओं और कब्जे वाले कश्मीरियों में शोषित जनता के बढ़ने के बावजूद यह इस्लामाबाद के लिए एक खतरे का संकेत है। पश्चिमी मीडिया में नहीं मिली प्रदर्शन को उतनी कवरेज पाकिस्तान और पश्चिमी मीडिया ने पीओके में फैली अराजकता को उतनी कवरेज नहीं दी। लेकिन समाहमी, सेहंसा, मीरपुर, दादियाल, रावलकोट, खुईरत्ता, तत्तापानी और हट्टियन बाला में जमकर विरोध प्रदर्शन हुए। यह समझा जाता है कि कम से कम 70 जेएएसी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया, जिसके कारण पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। एक पुलिस कर्मी और तीन नागरिक मारे गए और टकराव में 100 से कम गंभीर रूप से घायल हुए। भोजन (गेहूं), ईंधन और बिजली बिलों की बढ़ती कीमतों के कारण अधिकृत कश्मीर में विरोध प्रदर्शन में सबसे आगे रहा है। जेएएसी ने 11 मई को मुजफ्फराबाद में श्लॉन्ग मार्चश का आह्वान किया था, जिसे इस्लामाबाद ने 8–9 मई को छापे और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी से रोक दिया था। हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान रेंजर्स के तीन वाहनों को आग लगा दी गई और प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी और स्वतंत्रता समर्थक नारे लगाए। पिछले सप्ताह से इंटरनेट बंद था और स्कूल तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान भी बंद थे।प्रदर्शनकारियों के आगे शहबाज सरकार को झुकना पड़ापिछले तीन दशकों से पाकिस्तान जम्मू–कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए भारत को दोषी ठहराता रहा है। अर्ध–सैन्य बलों ने विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए अत्यधिक बल का इस्तेमाल किया। विरोध प्रदर्शन इतने हिंसक थे कि पीएम शरीफ को प्रदर्शनकारियों से शांति का आह्वान करना पड़ा और अंत में सब्सिडी वाली बिजली और ईंधन की उनकी मांगों के सामने झुकना पड़ा। इस्लामाबाद ने स्थानीय पुलिस के अलावा सेना के अलावा कोहाला से पाकिस्तान रेंजर्स की तीन बटालियन तैनात कीं। भले ही पाकिस्तान पुलिस विरोध प्रदर्शनों को भड़काने के लिए भारत को दोषी ठहरा रही है, मई 2023 से अधिकृत कश्मीर के रावलकोट में असंतोष भड़क रहा है और कार्यकर्ता प्रांतीय और संघीय के खिलाफ हथियार उठा रहे हैंय बिजली और गेहूं के आटे की कीमतों में बढ़ोतरी पर सरकार। इसके बाद बहिष्कार किया गया और बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया गया। पीओके में बिजली शुल्क उत्पादन लागत से पांच गुना है और इसे लेकर स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है।

क्या है प्रदर्शनकारियों की मांगे गिलगित–बाल्टिस्तान के समान गेहूं सब्सिडी के अलावा बिजली शुल्क मंगला बांध जलविद्युत परियोजना से उत्पादन लागत पर आधारित होना चाहिए। शासक वर्ग और अधिकारियों के अनावश्यक भत्ते और विशेषाधिकार पूरी तरह से समाप्त किये जाने चाहिए। छात्र संघों पर लगे प्रतिबंध हटा दिए गए और चुनाव कराए गए। अधिकृत कश्मीर में जम्मू और कश्मीर बैंक को एक अनुसूचित बैंक बनाया जाए। नगर निगम प्रतिनिधियों को धन एवं अधिकार दिये जायें। सेलुलर कंपनियों और इंटरनेट सेवाओं की दरें मानकीकृत हैं। संपत्ति हस्तांतरण कर कम किया जाए। जवाबदेही ब्यूरो को सक्रिय किया जाना चाहिए और अधिनियम में प्रासंगिक संशोधन किए जाने चाहिए। पेड़ काटने पर प्रतिबंध लगाया जाए।

# 5000 रुपये का बिजली बिल, 200 रुपये लीटर दूध, PoK में बेकाबू हुए लोग, क्या सेना भेजेगा भारत ?

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हम जायज टैक्स देने को तैयार हैं, लेकिन सरकार अति कर रही है। कारोबारी नेता शेख अब्दुल राशिद ने कहा कि सरकार हमसे 5000 रुपये के बिजली बिल पर 5000 रुपये टैक्स वसूल रही है। इससे हर जरूरी चीज महंगी हो गई है। लोग 200 (पाकिस्तानी) रुपये लीटर से भी महंगा दूध खरीद रहे हैं, एक किलो आटे के लिए 800 पाकिस्तानी रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। विरोध प्रदर्शन तेज होने के कारण मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स द्वारा गोलीबारी और आंसू गैस के गोले के कारण पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में तीन नागरिकों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना तब हुई जब सरकार द्वारा प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए 23 अरब रुपये की सब्सिडी की घोषणा के बाद पाकिस्तानी रेंजर्स कोहाला से बाहर जा रहे थे।



जैसे ही रेंजर्स का 19 वाहनों का काफिला मुजफ्फराबाद पहुंचा, शोरान दा नक्का गांव के पास उस पर पथराव किया गया, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसूगैस और फायरिंग करनी पड़ी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हम जायज टैक्स देने को तैयार हैं, लेकिन सरकार अति कर रही है। कारोबारी नेता शेख अब्दुल राशिद ने कहा कि सरकार हमसे 5000 रुपये के बिजली बिल पर 5000 रुपये टैक्स वसूल रही है। इससे हर जरूरी चीज महंगी हो गई है। लोग 200 (पाकिस्तानी) रुपये लीटर से भी महंगा दूध खरीद रहे हैं, एक किलो आटे के लिए 800 पाकिस्तानी रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। धारा 144 लगी, मोबाइल सेवाएं कई जगह सस्पेंड तनाव देखते हुए च्वज्ञ में धारा 144 लगी है। सार्वजनिक जगहों पर इकट्ठा होने, रैली और जुलूस निकालने पर बैन लगाया गया है। कई इलाकों जैसे भिंबेर, बाघ टाउन, मीरपुर में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। जम्मू–कश्मीर अवामी ऐक्शन कमिटी ने कहा कि हिंसा के पीछे अराजक तत्व हैं। उधर, च्वज्ञ की सरकार ने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरह से बातचीत के लिए तैयार है।

# PoK में हड़ताल के चौथे दिन भी स्थिति तनावपूर्ण, Prime Minister ने 23 अरब रुपये का अनुदान आवंटित किया

पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही, जिसके चलते देश की सरकार को क्षेत्र में बढ़ती अशांति को खत्म करने के लिए तत्काल 23 अरब रुपये आवंटित करने पड़े।इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही, जिसके चलते देश की सरकार को क्षेत्र में बढ़ती अशांति को खत्म करने के लिए तत्काल 23 अरब रुपये आवंटित करने पड़े। विवादित क्षेत्र में शनिवार को पुलिस और मानवाधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं, जिसमें कम से कम एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। शुक्रवार को पूर्ण हड़ताल करने से जनजीवन ठप हो गया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि वह स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों और क्षेत्रीय सरकार के बीच गतिरोध समाप्त होने के बाद, क्षेत्र के लिए तत्काल 23 अरब रुपये प्रदान करने को सोमवार को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि अप्रत्याशित विरोध और इसकी संवेदनशीलता से चिंतित प्रधानमंत्री शरीफ ने सोमवार को यहां एक विशेष बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पीओके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक, स्थानीय मंत्री और शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने भाग लिया। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री शरीफ ने पीओके के लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए 23 अरब रुपये के तत्काल अनुदान को मंजूरी दी। बयान में कहा गया है कि बैठक में संघीय मंत्रियों और गठबंधन दलों के नेताओं ने भी हिस्सा लिया, बैठक में स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। पीएमओ ने कहा कि कश्मीर के नेताओं और सभी प्रतिभागियों ने शहबाज के फैसले की सराहना की। जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के सदस्य क्षेत्र में जलविद्युत उत्पादन लागत के अनुसार बिजली की कीमतों को तय करने, गेहूं के आटे पर सब्सिडी और कुलीन वर्ग के विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। जेएएसी के नेतृत्व में पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) की राजधानी मुजफ्फराबाद में एक लंबा मार्च निकाला गया। जेएएसी कोर कमेटी और क्षेत्र के मुख्य सचिव



दाऊद बराच के बीच हुई बातचीत में कोई समाधान न निकलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने मुजफ्फराबाद की ओर कूच करने का एलान किया। रावलकोट के एक प्रदर्शनकारी नेता ने सरकार पर टालमटोल की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया। पाकिस्तानी अखबार डॉन में प्रकाशित खबर के मुताबिक प्रदर्शनकारी पहले ही कई स्थानों पर कोहाला–मुजफ्फराबाद रोड को बंद कर वहां धरने पर बैठ हुए हैं। खबर में बताया गया कि चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। बाजार, व्यापार केंद्र और शैक्षणिक संस्थान बंद हैं, जबकि यातायात सेवाएं ठप्प हैं। मीरपुर में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच शनिवार को झड़प होने के बाद तथाकथित सरकार ने रेंजर्स को बुलाया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़प पर चिंता जाहिर करते हुए रविवार को कहा था, कानून को अपने हाथ में लेने को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने पीओके के तथाकथित प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक से बात की है और क्षेत्र के सभी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–एन पदाधिकारियों को एक्शन कमेटी के नेताओं से बात करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, मैं सभी पक्षों से आग्रह करता हूं कि वे अपनी मांगों के समाधान के लिए शांतिपूर्ण तरीका अपनाएं। विरोधियों के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद उम्मीद है कि मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सभी हितधारकों से संयम बरतने और बातचीत तथा आपसी परामर्श के माध्यम से मुद्दों को हल करने का आग्रह किया।

# यूरोप का कुख्यात तस्कर इराक में गिरफ्तार, द स्कार्पियन के नाम से है मशहूर

यूके की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने उनके मामले को उजागर करने के लिए बीबीसी को धन्यवाद दिया,और यूके में लोगों की तस्करी में शामिल आपराधिक नेटवर्क को बाधित करने और नष्ट करने के लिए हम हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, चाहे वे कहीं भी हों। यूरोप का सर्वाधिक वांछित प्रवासी तस्कर माने जाने वाले बरजान मजीद को दो साल की फरारी के बाद इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में गिरफ्तार कर लिया गया है। श्द स्कॉर्पियनश उपनाम से माजिद और उसके मानव तस्कर गिरोह ने इंग्लिश चौनल के पार नावों और लॉरियों में लगभग 10,000 प्रवासियों की तस्करी की। फरार मानव तस्कर का पता लगाने के लिए बीबीसी द्वारा की गई जांच में वह इराक के सुलेमानिया शहर में पाया गया। शायद एक हजार, शायद 10,000। मुझे नहीं पता, मैंने गिनती नहीं की। उन्होंने पिछले महीने बीबीसी को एक कॉल के दौरान शहर से तस्करी कर लाए गए प्रवासियों की संख्या के बारे में बताया था। यूके की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने उनके मामले को उजागर करने के लिए बीबीसी को धन्यवाद दिया,और यूके में लोगों की तस्करी में शामिल आपराधिक नेटवर्क को बाधित करने और नष्ट करने के लिए हम हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, चाहे वे कहीं भी हों। एनसीए के मुताबिक, मजीद को 12 मई को कुर्द सुरक्षा बलों ने हिरासत में लिया था। एजेंसी ने ट्वीट करते हुए कहा कि अब उसे यूके–बेल्जियम की संयुक्त जांच के बाद बेल्जियम में उसकी अनुपस्थिति में लोगों की तस्करी के अपराध में दोषी ठहराया गया था। कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार के एक अधिकारी ने बीबीसी से बात करते हुए कहा कि अधिकारियों ने माजिद का पता लगाने के लिए ब्रिटिश प्रसारक के निष्कर्षों का इस्तेमाल किया। अधिकारी ने बीबीसी को यह कहते हुए उद्धृत किया, गिरफ्तारी उनके घर के बाहर की गई थी, जैसे ही वह घर से बाहर निकले, उन्होंने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और बिना किसी बड़ी समस्या के उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हम अब सबसे पहले यहां उसके खिलाफ आरोपों पर गौर कर रहे हैं, और फिर हम यूरोपीय पुलिस और अभियोजकों के साथ चर्चा करेंगे जो उससे पूछताछ करना चाहते हैं और उससे निपटना चाहते हैं।



# दिल्ली और पंजाब में लिखे थे खालिस्तान समर्थक नारे SFJ के 3 कार्यकर्ता गिरफ्तार

27 अप्रैल को बठिंडा में जिला प्रशासनिक परिसर और कोर्ट परिसर की दीवारों पर खालिस्तानी समर्थक नारे लिखे पाए गए थे। इसी तरह के खालिस्तानी समर्थक नारे 9 मई को दिल्ली के झंडेवालान मेट्रो स्टेशन और करोल बाग मेट्रो स्टेशन के खंभों पर दिखाई दिए, जिसके बाद पुलिस को जांच शुरू करनी पड़ी। करोल बाग मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत के एक सुरक्षा गार्ड ने कहा कि जब वह रविवार सुबह ड्यूटी पर आया तो उसने मेट्रो स्टेशन के खंभों पर काले रंग से कुछ लिखा हुआ देखा। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि प्रतिबंधित अलगाववादी समूह सिख ऑफ जस्टिस के तीन कार्यकर्ताओं को दिल्ली और पंजाब के बठिंडा में सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने




के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तारियां बठिंडा पुलिस और उसकी काउंटर–इंटेलिजेंस विंग द्वारा की गईं। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा एक बड़ी सफलता में काउंटर–इंटेलिजेंस, बठिंडा और बठिंडा पुलिस ने न्यूयॉर्क स्थित सिखों के मास्टरमाइंड गुरपतवंत पन्नू द्वारा समर्थित, बठिंडा, पंजाब और दिल्ली सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने के लिए तीन एसएफजे कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। मामले को सुलझाने के लिए पेशेवर और वैज्ञानिक तरीके से जांच की गई है। 27 अप्रैल को बठिंडा में जिला प्रशासनिक परिसर और कोर्ट परिसर की दीवारों पर खालिस्तानी समर्थक नारे लिखे पाए गए थे। इसी तरह के खालिस्तानी समर्थक नारे 9 मई को दिल्ली के झंडेवालान मेट्रो स्टेशन और करोल बाग मेट्रो स्टेशन के खंभों पर दिखाई दिए, जिसके बाद पुलिस को जांच शुरू करनी पड़ी। करोल बाग मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत के एक सुरक्षा गार्ड ने कहा कि जब वह रविवार सुबह ड्यूटी पर आया तो उसने मेट्रो स्टेशन के खंभों पर काले रंग से कुछ लिखा हुआ देखा। सुरक्षा गार्ड बजरंगी ने एएनआई से बात करते हुए कहा कि मैं सुबह 8 बजे ड्यूटी पर आया तो देखा कि मेट्रो स्टेशन के खंभों पर काले रंग से कुछ लिखा हुआ था ष्वहां भारी भीड़ जमा हो गई थी और नारे पढ़ रहे थे। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि ये नारे रात में लिखे गए हों क्योंकि उस समय वहां कोई नहीं था और किसी ने नहीं देखा कि ये नारे किसने लिखे हैं।

# भारत पर लगाएगा प्रतिबंध ? को लेकर क्यों बौखलाया अमेरिका

अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने भारत और ईरान के बीच समझौते के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हम इन रिपोर्टों से अवगत हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह के संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मैं भारत सरकार को चाबहार बंदरगाह के साथ–साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों के संबंध में अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों के बारे में बात करने दूंगा।भारत द्वारा ईरान में चाबहार बंदरगाह को 10 वर्षों के लिए संचालित करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के कुछ घंटों बाद, संयुक्त राज्य



के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हम इन रिपोर्टों से अवगत हैं कि ईरान और भारत ने प्रतिबंध भी शामिल होगा, पटेल ने कहा कि मोटे तौर पर, आपने हमें कई उदाहरणों में यह कहते जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में तेहरान में हस्ताक्षर किए गए।

# नेपाल के राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ने 100 रुपये नये नोट पर अपनी टिप्पणी को लेकर इस्तीफा दिया

काठमांडू ।
तीन भारतीय क्षेत्रों को दर्शाने वाले 100 रुपये के नये नोट जारी करने के सरकार के फैसले पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के आर्थिक सलाहकार ने इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने चिरंजीवी नेपाल के इस्तीफे को रविवार को मंजूरी कर लिया। काठमांडू । नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के आर्थिक सलाहकार ने तीन भारतीय क्षेत्रों को दर्शाने वाले 100 रुपये के नये नोट जारी करने के सरकार के फैसले पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने चिरंजीवी नेपाल के इस्तीफे को रविवार को मंजूरी कर लिया। चिरंजीवी ने सोमवार को 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''मैंने एक अर्थशास्त्री और केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर के नाते टिप्पणियां की थीं, लेकिन कुछ मीडिया संस्थानों ने राष्ट्रपति पद की सम्मानित संस्था को विवाद में शामिल करने की कोशिश करते हुए मेरे बयान को तोड़–मरोड़ कर पेश किया।''
नये नक्शे में कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा जैसे क्षेत्र शामिल किये गए हैं। हालांकि, भारत का यह कहना रहा है कि ये तीनों क्षेत्र उसका हिस्सा हैं। चिरंजीवी ने कहा, ''इसलिए मैंने, उन कुछ ऑनलाइन समाचार पोर्टल द्वारा की गई कोशिश का नैतिक दायित्व लेते हुए इस्तीफा दिया है, जिन्होंने मेरे बयान के आधार पर राष्ट्रपति को विवाद में शामिल करने का प्रयास किया।'' उन्होंने स्पष्ट किया, ''बयान में मेरा इरादा एक सजग नागरिक के रूप में लोगों को इस बात से अवगत कराना था कि इस तरह का कृत्य देश एवं लोगों के लिए ऐसे वक्त में व्यावहारिक समस्याएं पैदा कर सकता है, जब (नक्शे के मुद्दे पर) राजनयिक स्तर पर बातचीत की जा रही है।''
पिछले हफ्ते, मंत्रिमंडल की एक बैठक में, 100 रुपये के नये नोट



की छपाई में पुराने नक्शे की जगह नये नक्शे का इस्तेमाल करने का निर्णय किया गया था। सीपीएन–यूएमल के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने चिरंजीवी नेपाल की टिप्पणियों को लेकर उनकी सार्वजनिक आलोचना की थी। इससे पहले, नागरिक समाज संस्थाओं के नेताओं के एक समूह ने संशोधित संविधान के अनुसार नेपाल के नक्शे के साथ 100 रुपये के नये नोट छापने के सरकार के फैसले के खिलाफ अपनी टिप्पणी को लेकर चिरंजीवी को हटाने की मांग की थी। उन्होंने दलील दी कि उन्होंने (चिरंजीवी ने) विषय पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रीय हित के खिलाफ बयान दिया। नेपाल ने ओली नीत सरकार के तहत लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा क्षेत्रों को अपने भू–भाग में दर्शाते हुए एक नया राजनीतिक नक्शा मई 2000 में जारी किया था। उसके बाद, सरकार ने भारत की आपत्ति के बावजूद, सभी आधिकारिक दस्तावेजों में इस्तेमाल किये गये पुराने नक्शे को बदल दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नये नोट जारी करने के नेपाल सरकार के फैसले पर पिछले हफ्ते असहमति जताई थी। उन्होंने कहा था कि इससे जमीन पर स्थिति नहीं बदलने जा रही। नेपाल भारत के पांच राज्यों––सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा साझा करता है।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ प्लेआफ में जगह सुनिश्चित करने उतरेगी रायल्स टीम

वाहाटी में राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए पंजाब किंग्स से टकराएगी। पंजाब की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। वहीं रियान पराग को अपने घरेलू फैंस से भव्य स्वागत की उम्मीद है। बुधवार को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए पंजाब किंग्स से टकराएगी। पंजाब की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। वहीं रियान पराग को अपने घरेलू फैंस से भव्य स्वागत की उम्मीद है। दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो 'घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था। प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना झेलते रहे पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है। क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है।ब भी ऐसा होगा तब पराग सीनियर टीम की प्रतिष्ठित नीली जर्सी पहनने वाले पूर्वोत्तर के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। यहां इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए समर्थन स्वाभाविक होगा और इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ संजू सैमसन और उनकी टीम को भी मदद मिलेगी। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम एकजुट होकर प्रभावी प्रदर्शन करने में विफल रही।सत्र के अधिकांश हिस्से से चोट के कारण कप्तान शिखर धवन की अनुपस्थिति ने मामले को और बिगाड़ दिया क्योंकि कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन कप्तानी करते हुए प्रभावी नजर नहीं आए। दूसरी तरफ कप्तान के रूप में सैमसन का कद बढ़ गया है और मौजूदा सत्र एक बल्लेबाज के रूप में उनका सर्वश्रेष्ठ सत्र होने की उम्मीद है। वह पहले ही 486 रन के साथ अपनी टीम के शीर्ष स्कोरर हैं। यशस्वी जायसवाल (344 रन) और जोस बटलर (359 रन) के स्तर को देखते हुए इस सलामी जोड़ी के लिए मौजूदा सत्र औसत रहा है



लेकिन पराग और सैमसन ने सुनिश्चित किया है कि चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में बल्लेबाजी ठोस और निरंतर बनी रहे।रॉयल्स का सबसे मजबूत पहलू उनकी गेंदबाजी इकाई है जिसने लगभग पूरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। डेथ ओवरों में संदीप शर्मा का 8.07 का इकोनॉकी रेट और शुरुआती ओवरों में ट्रेंट बोल्ट का 8.38 का इकोनॉकी रेट टीम के लिए प्रभावशाली रहा है। रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की स्पिन जोड़ी ने भी प्रभावित किया है।टीम इस प्रकार हैंपंजाब किंग्सरू सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धावन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा , हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।राजस्थान रॉयल्सरू संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर–केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

# हरमनप्रीत कौर ने की बड़ी भविष्यवाणी, कहा– उम्मीद है भारत टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाएगा

हरमनप्रीत कौर को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम इस साल के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली संभावित टीमों में से एक होगी। दरअसल, टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है। टूर्नामेंट के नौवें सत्र के लिए भारत को छह बार के चौंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम इस साल के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली संभावित टीमों में से एक होगी। दरअसल, टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है वहीं हरमनप्रीत का मानना है कि परिस्थितियों से परिचित होने से भारतीय टीम को टूर्नामेंट जीतने में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट के नौवें सत्र के लिए भारत को छह बार के चौंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, 2016 का चौंपियन वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं।सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली टीमों के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए कहे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, ''भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ये चारों सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं।'' बता दें कि, भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बांग्लादेश को 5–0 से हरा दिया था।हरमनप्रीत ने कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा (जिसका मैं सामना करने के लिए उत्सुक हूं) क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पध र्ी हैं।'' भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई प्रभुत्व को चुनौती दी है लेकिन इस टीम का वैश्विक प्रतियोगिताओं में हरमनप्रीत की टीम पर दबदबा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ–साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था।



हरमनप्रीत ने कहा, ''अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा और मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हूं।'' हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की श्रृंखला में भारत की सफलता से उन्हें परिस्थितियों से अधिक परिचित होने का मौका मिला।साथ ही उन्होंने कहा, ''हां, यह कुछ हद तक भारत जैसा ही है और उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में हमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।'' भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से कड़ी प्रतिद्वंद्विता`खने को मिली है और यह हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। भारत ने 2023 टी20 विश्व कप के बाद से दो बार बांग्लादेश दौरान किया है। पिछले साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और वनडे श्रृंखला के लिए और फिर हाल ही में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए। वश्व कप में भारत के अब तक के अनुभव के बारे में हरमनप्रीत ने कहा, ''मुझे लगता है कि सभी आईसीसी प्रतियोगिताओं में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। एकमात्र चीज यह है कि हमने कई करीबी मैच गंवाए हैं। और इस बार उम्मीद है कि हम करीबी मैच जीत सकते हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

# टीम इंडिया के हेड कोच की तलाश, जानें अप्लाई करने की डेडलाइन और शर्तें

हेड कोच राहुल द्रविड़ का जून में कार्यकाल खत्म हो जाएगा। वहीं हेड कोच के पद के लिए बीसीसीआई ने विज्ञापन जारी कर दिया है। टीम इंडिया के मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ ने नवंबर 2021 में इस पदभार को संभाला था। बीसीसीआई ने आवेदन करने के लिए कुछ शर्तें रखी हैं। वहीं, बोर्ड ने राहुल द्रविड़ के लिए फिर से आवेदन का दरवाजा भी खुला रखा है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ का जून में कार्यकाल खत्म हो जाएगा। वहीं हेड कोच के पद के लिए बीसीसीआई ने विज्ञापन जारी कर दिया है। टीम इंडिया के मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ ने नवंबर 2021 में इस पदभार को संभाला था। बीसीसीआई ने आवेदन करने के लिए कुछ शर्तें रखी हैं। वहीं, बोर्ड ने राहुल द्रविड़ के लिए फिर से आवेदन का दरवाजा भी खुला रखा है। लेकिन द्रविड़ ये पद दोबारा संभालेंगे या नहीं ये भविष्य बताएगा। टीम इंडिया के कोच पद के लिए आवेदन करने करने की आखिरी तारीख 27 मई है। बीसीसीआई ने एक बयान जारी कर कहा कि ये भूमिका 1 जुलाई 2024 से 31 दिसंबर 2027 तक 3.5 साल की अवधि के लिए होगी। नए कोच का कार्यकाल वनडे विश्व कप 2027 तक होगा। इस दौरान चौंपियंस ट्रॉफी 2025 और टी20 वर्ल्ड कप 2026 भी होगा। आधिकारिक वेतन ग्रेड के अनुसार, राहुल द्रविड़ को सभी अंतर्राष्ट्रीय फॉर्मेट में टीम इंडिया के मुख्य कोच के पद पर सलाना 12 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता है। उनकी जगह कुछ समय के लिए अनुभवी खिलाड़ी वीवीएस लक्ष्मण ने ले ली, जिन्होंने 5 सितंबर 2023 के बाद प्रति माह 50 लाख रुपये कमाए।

# टी 20 2024 के लिए नीदरलैंड टीम का ऐलान, स्काट एडवर्ड्स को मिली कमानट एडवर्ड्स को टीम की कमान सौंपी गई है।

ये डच राष्ट्रीय टीम का लगातार तीसरा आईसीसी टूर्नामेंट है, जिसने 2022 टी20 वर्ल्ड कप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया है। रॉयल डच क्रिकेट संघ ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए नीदरलैंड स्क्वॉड का ऐलान किया है। जहां स्कॉट एडवर्ड्स को टीम की कमान सौंपी गई है। ये डच राष्ट्रीय टीम का लगातार तीसरा आईसीसी टूर्नामेंट है, जिसने 2022 टी20 वर्ल्ड कप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया है। टीम टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत चार जून को डलास में नेपाल के खिलाफ करेगी। इसके चार दिन बाद उसके सामने न्यूयॉर्क में दक्षिण अफ्रीका की मजबूत चुनौती होगी। उसके आखिरी दो ग्रुप मैच बांग्लादेश (13 जून) और श्रीलंका (17 जून) के खिलाफ हैं। वहीं कप्तान एडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 122 की स्ट्राइक–रेट से 671 रन बनाए हैं। टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है।ीम के कोच रयान कुक ने कहा है कि, हम एक अच्छी तरह से संतुलित टीम का चयन करने में सक्षम हैं और हमें विश्वास है कि हम अमेरिका और वेस्टइंडीज में विपक्षी टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे। टी20 वर्ल्ड कप के लिए नीदरलैंड टीम स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, डेनियल डोरम, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, लोगान वैन बीक, मैक्स ओ डोड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, तेजा निदामानुरु, टिम प्रिंगल , विक्रम सिंह और वेस्ले बर्रेसी।

# कोलकाता नाइट राइडर्स को बड़ा झटका, इस धाकड़ खिलाड़ी ने छोड़ा टीम का साथ

दरअसल, केकेआर के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट प्लेऑफ मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। फिल साल्ट और सुनील नारायण



ने आईपीएल 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वहीं अपनी बल्लेबाज के अलावा, विकेटकीपिंग भी करते हैं। सॉल्ट ने विकेटकीपर की भूमिका भी बखूबी निभाई है।कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटंस के बीच सोमवार को होने वाला मुकाबला बारिश के कारण धुल गया। इसके चलते दोनों टीमों को एक–एक अंक मिला, जिसके बाद केकेआर टीम ने अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। लेकिन केकेआर को इस स्थिति में पहुंचाने वाले धाकड़ खिलाड़ी ने टीम का साथ छोड़ दिया है। दरअसल, केकेआर के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट प्लेऑफ मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। फिल साल्ट और सुनील नारायण ने आईपीएल 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वहीं अपनी बल्लेबाज के अलावा, विकेटकीपिंग भी करते हैं। फिल साल्ट ने विकेटकीपर की भूमिका भी बखूबी निभाई है। बता दें कि, ईसीबी ने पहले ही स्पष्ट किया था कि पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज और टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए इंग्लिश खिलाड़ियों को प्लेऑफ से पहले स्वदेश लौटना होगा। फिल साल्ट आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड टीम का हिस्सा हैं और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, वह पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में खेलने के लिए वापस चले गए हैं। उन्होंने 12 मैचों में 39.54 की औसत और 182.00 की स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए। दो बार के चौंपियन के साथ रहने के दौरान सॉल्ट ने 4 फिफ्टी, 50 चौके और 24 छक्के लगाए। फिलहाल, साल्ट के जाने के बाद केकेआर को उनकी कमी खलेगी। टीम उनकी जगह रहमानुल्लाह गुरबाज को प्लेइंग इलेवन में शामिल कर सकती है।

# रोजाना घर में पोछा लगाने से पोछा पड़ गया है काला ? तो इन ट्रिक्स को आज से अपना लें

गर्मी के मौसम में घर बहुत जल्दी गंदा होने लगता है. ऐसे में कई लोग घर में पोछा लगाते हैं, लेकिन रोजाना पोछा लगाने से पोछे का रंग काला पड़ जाता है. कुछ लोग ऐसे हैं, जो पोछे के काले रंग को निकालने के लिए कई कोशिश करते हैं. लेकिन फिर भी उनसे नहीं हो पता है.पोछे के काले रंग को करें दूरअगर आप भी पोछे के काले रंग को निकालने के लिए परेशान हो रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताएंगे, जिन्हें फॉलो कर आप आसानी से पोछे के काले रंग को निकाल सकते हैं. इससे आप जब भी पोछा लगाएंगे, तो आपके घर की टाइल्स गंदी नहीं दिखेगी. आईए जानते हैं उन टिप्स के बारे में.फॉलो करें ये टिप्सपोछा लगाते समय, फर्श पर मौजूद धूल, मिट्टी, बाल और अन्य गंदगी पोछे में चिपक जाती हैं, जिससे वह काला हो जाता है. इसे साफ करने के लिए आप साबुन या डिटर्जेंट का इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे बचने के लिए



आप नियमित रूप से पहले झाड़ू लगाएं फिर पोछे का इस्तेमाल करें. पोछे के पानी में हल्के साबुन या डिटर्जेंट का ही इस्तेमाल करें. आप घर पर नींबू का रस, सिरका या बेकिंग सोडा जैसे क्लीनर का इस्तेमाल कर सकते हैं.पोछे को ध ूप में या हवादार जगह पर सुखाएंपोछे को काले होने से बचाने के लिए आप जब भी एक कमरे में पोछा लगाएं, तो उस पोछे को तुरंत साफ पानी से धो लें. एक ही पोछे से पूरे घर में पोछा न लगाएं. आप हफ्ते में एक बार पोछे को गर्म पानी और डिटर्जेंट से भी धो सकते हैं. कोशिश करें हमेशा पोछे को धूप में या हवादार जगह पर सुखाएं. ऐसा करने से पोछे में से बदबू नहीं आएगी और इसमें फफूंद और बैक्टीरिया भी नहीं आएंगे हैंअलग–अलग रंगों के पोछेइसके अलावा आप अलग–अलग रंगों के पोछे के कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं ताकि पोछा गंदा ना दिखे. आप डिस्पोजेबल पोछे का इस्तेमाल भी कर सकते हैं, इसका इस्तेमाल करने के बाद इसे फेंक दिया जाता है. इन ट्रिक्स को अपनाकर आप अपने घर के पोछे को लंबे समय तक साफ रख सकते हैं.

# र्मियों के दौरान डाइट में जरूर शामिल करें लीची, मिलेगें स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ

लीची गर्मियों में आने वाला फल है, जिसे दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे ज्यादा उगाया जाता है।खट्टे–मीठे स्वाद से भरपूर लीची विभिन्न विटामिन्स, खनिज और एंटी–ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं।इसे आप ऐसे ही खा सकते हैं या फिर जूस, स्मूदी, आइसक्रीम और कई तरह के व्यंजनों के तौर पर लीची को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।आइए जानते हैं कि लीची के सेवन से क्या–क्या स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

विटामिन–ष्ट का हैं बेहतरीन स्त्रोतविटामिन–ष्ट यानी एस्कॉर्बिक एसिड एक शक्तिशाली एंटी–ऑक्सीडेंट है, जो शरीर के परिसंचरण तंत्र के लिए जरूरी होता है।विशेषज्ञों के मुताबिक, लीची में विटामिन–ष्ट की भरपूर मात्रा मौजूद होती है। बता दें कि 100 ग्राम लीची में लगभग 70 मिलीग्राम विटामिन–ष्ट होता है।अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार,



विटामिन–ष्ट के सेवन से स्ट्रोक का खतरा 42 प्रतिशत तक कम हो सकता है।पॉलीफेनोल्स से होती हैं भरपूर लीची में कई अन्य फलों की तुलना में अधिक मात्रा में पॉलीफेनोल्स होते हैं, जो हृदय के स्वास्थ्य को सुध ारने, कैंसर का जोखिम कम करने और ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त लीची में रुटिन की मात्रा भी अधिक होती है।फूड केमिस्ट्री जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, रुटिन आर्थराइटिस और सूजन जैसी बीमारियों से बचाने में सहायता प्रदान कर सकता है।पाचन के लिए हैं लाभदायकपाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखने में भी लीची का सेवन मदद कर सकता है।इसमें कई पोषण गुणों समेत भरपूर मात्रा में पानी मौजूद होता है और पानी भोजन पचाने में सबसे अहम माना जाता है। यह कब्ज, डायरिया और गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाने का काम करता है।इसके अतिरिक्त लीची में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जिस वजह से इसका सीमित मात्रा में सेवन वजन घटाने में भी सहायक है।

शरीर को हाइड्रेट करने में हैं मददगार

शरीर में पानी की कमी कई बीमारियों को आमंत्रित कर सकती है, इसलिए डॉक्टर हाइड्रेशन पर अतिरिक्त ध्यान देने की सलाह देते हैं।अगर आप रोजाना लीची का सेवन करते हैं तो यह शरीर को हाइड्रेट रखने में काफी मदद कर सकती हैं। इसका कारण है कि इसमें पानी की अधिकता होती है।इसके अतिरिक्त ये पेट को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने में भी सहायक हैं।यहां जानिए पेट की गर्मी को दूर करने वाले अन्य खाद्य पदार्थ।ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में हैं प्रभावीजब शरीर में एंटी–ऑक्सीडेंट और मुक्त कणों के बीच असंतुलन होता है तो इससे ऑक्सीडेटिव तनाव होने लगता है।आमतौर पर उम्र बढने की प्रक्रिया का एक हिस्सा माना जाने वाला ऑक्सीडेटिव तनाव शरीर की कोशिकाओं और ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकता है।हालांकि, लीची का सेवन

# कान फिल्म फेस्टिवल में 20 मई को लान्च होगा कन्नप्पा का टीजर, विष्णु ने जारी किया फिल्म का नया पोस्टर

कन्नप्पा विष्णु मांचू की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को और खास बनाने के लिए विष्णु मांचू पूरी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म में कई दिग्गज सितारों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं और लगातार बड़ी जानकारियां साझा कर रहे हैं। बीते दिन उन्होंने बताया था कि फिल्म से जुड़ी कोई बड़ी घोषणा करने वाले हैं, जिसके बाद से फैंस लगातार बड़े अपडेट पर नजरे टिकाएं बैठे थे। आखिरकार अब फैंस का इंतजार खत्म हो चुका है। फिल्म को लेकर विष्णु ने बड़ा एलान किया है। निर्माताओं के जरिए दिए गए संकेत के बाद फैंस कयास लगा रहे थे कि वे आज प्रभास के किरदार का खुलासा करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, बल्कि उन्होंने फिल्म के बहुप्रतीक्षित टीजर को लेकर बड़ी घोषणा कर दी। विष्णु ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म के टीजर लॉन्च का खुलासा किया। उन्होंने बताया है कि कन्नप्पा का टीजर कान फिल्म फेस्टिवल 2024 में 20 मई को लॉन्च होगा।

फिल्म का नया पोस्टर और टीजर की तारीख साझा करते हुए विष्णु मांचू ने कैप्शन में लिखा, 20 मई को आप सभी को द वर्ल्ड ऑफ कन्नप्पा की



एक झलक दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। इसे कान्स फिल्म फेस्टिवल में लॉन्च किया जा रहा है। कन्नप्पा के टीजर की तारीख का खुलासा करने वाले भव्य पोस्टर में कन्नप्पा बने विष्णु को हाथ में एक भयंकर तलवार पकड़े हुए दिखाया गया है। तलवार का डिजाइन इस बात का खुलासा कर रहा है कि शिव का महान भक्त एक शिकारी था।फिल्म से जुड़ी लगातार दिलचस्प जानकारियां देने के लिए निर्माता पोस्टर साझा कर रहे हैं। इससे इससे पहले विष्णु ने प्रभास के किरदार का एक पोस्टर भी साझा किया था और बताया था कि वे शूटिंग शुरू कर चुके हैं। विष्णु ने बताया था कि अक्षय ने शूटिंग पूरी कर ली है। साथ ही उन्होंने अक्षय के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव भी साझा किया था और अक्षय के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा की थीं। वहीं प्रभास के किरदार को लेकर खबर है कि वे फिल्म में कैमियो रोल निभाएंगे। प्रभास फिल्म में नंदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि अक्षय कुमार फिल्म में भगवान शिव की भूमिका निभा रहे हैं और अफवाह है कि अनुष्का पार्वती की भूमिका निभाएंगी।

## ममूटी की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म टर्बो को मिली नई रिलीज डेट, अब 23 मई को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

ममूटी अभिनीत बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म टर्बो अपनी भव्य नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म, जो मूल रूप से 13 जून, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली थी, अब जल्दी रिलीज होने के लिए तैयार है। हाल ही में, मुख्य अभिनेता ममूटी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पुष्टि की कि टर्बो उम्मीद से पहले रिलीज होने के लिए तैयार है।हिटमेकर वैसाख द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित परियोजना टर्बो अब 23 मई, 2024 को



रिलीज होने वाली है। ममूटी अभिनीत फिल्म के निर्माताओं ने बड़ी संख्या में स्क्रीन के साथ एकल वैश्विक रिलीज सुनिश्चित करने के लिए फिल्म को उम्मीद से पहले रिलीज करने का फैसला किया। नवीनतम अपडेट से पता चलता है कि टीम ने टर्बो के लिए डबिंग और री–रिकॉर्डिंग सहित सभी प्रमुख पोस्ट–प्रोडक्शन कार्य पहले ही पूरा कर लिया है। नया अपडेट मलयालम सिने प्रेमियों के लिए एक बड़े आश्चर्य के रूप में सामने आया, जो इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ममूटी अपने होम बैनर ममूटी कंपनी के तहत फिल्म का निर्माण भी कर रहे हैं। अभिनेता ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के नए पोस्टर के साथ रोमांचक अपडेट साझा किया। उन्होंने लिखा, टर्बो मोड सक्रिय हो जाएगा. ...उम्मीद से जल्दी....टर्बो 23 मई से दुनिया भर में स्क्रीन पर धूम मचाएगा। पहले जैसा रोमांचित होने के लिए तैयार हो जाइए। हालिया अपडेट पर विश्वास किया जाए, तो निर्देशक वैसाख और उनकी टीम अब सक्रिय रूप से बहुप्रतीक्षित टर्बो टीजर पर काम कर रहे हैं, जो अपनी भव्य रिलीज के लिए तैयार है। चर्चा है कि निर्माता कुछ दिनों में फिल्म का टीजर जारी करने की योजना बना रहे हैं। ममूटी अभिनीत फिल्म का एक आधिकारिक ट्रेलर भी होगा,

## मरून शिमरी गाउन पहनकर सनी लियोन ने गिराई बिजलियां, फोटोज ने मचाया बवाल

बॉलीवुड की खूबसूरत हसीनाओं का जिक्र हो और सनी लियोन का नाम न आए, ऐसा कैसे हो सकता है. अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में छाई रहने वाली सनी लियोन सोशल



मीडिया पर भी छाई रहती हैं. किलर अदाओं से लोगों के दिलों पर राज करने वाली सनी लियोन जैसे ही कोई पोस्ट शेयर करत हैं, वैसे ही लाइक और कमेंट करने वालों की होड़ लग जाती है. प्रोजेक्ट्स के साथ–साथ सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली सनी लियोन को देखने के लिए उनके चाहने वाले बेताब बैठे रहते हैं. वह कुछ भी शेयर करती हैं, लाइक्स–कमेंट्स करने वालों की भरमार हो जाती है. हाल ही में सनी लियो ने एक बार फिर चाहने वालों को शानदार विजुअल ट्रीट दी है.लेटेस्ट शेयर की गई फोटोज में सनी लियोन ने मरून शिमरी गाउन पहन रखा है. बॉडीकॉन गाउन में सनी लियोन का लुक देखकर लोगों के दिल धडके जा रहे हैं. शेयर की गई फोटोज में सनी लियोन शिमरी गाउन में बेहद ग्लैमरस और हॉट लग रही हैं. वह इतनी ज्यादा अट्रैक्टिव लग रही हैं कि उनसे आपकी नजरें एक मिनट के लिए नहीं हटेंगी.इन फोटोज में सनी लियोन ने अपने कर्वी फिगर को बड़ी ही खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया है. उनका लुक अप्सरा से कम नहीं लग रहा है. सनी ने अपनी फोटोज को शेयर करते हुए एक हार्ट और फायर इमोजी कैप्शन दिया है. सनी लियोन ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए हाई हील पहनी हैं और कानों में इयररिंग्स कैरी किए हैं. सनी की इन फोटोज को 222 हजार से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं.

# दिव्या खोसला कुमार की फिल्म सवीरू ए ब्लडी हाउसवाइफ का पहला गाना हमदम हुआ रिलीज

अनिल कपूर, दिव्या खोसला कुमार और हर्षवर्धन राणे की फिल्म साविरू ए ब्लडी हाउसवाइफ का पहला गाना रिलीज हो गया है। ट्रेलर रिलीज होने से पहले और दूसरे टीजर के अनावरण के कुछ दिनों के भीतर ही यह ट्रैक जारी किया गया है। गाने का नाम हमदम है, जिसे दिव्या और हर्षवर्धन पर फिल्माया गया है। गाने के कई सीन्स के जरिए आपको फिल्मों में रणबीर के आइकॉनिक मोमेंट्स याद आ जाएंगे।निर्माताओं द्वारा जारी किए गए ट्रैक हमदम में दिव्या खोसला कुमार और हर्षवर्धन राणे की केमिस्ट्री देखते ही बन रही है। गाने को विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। विशाल मिश्रा द्वारा रचित और राज शेखर द्वारा लिखित हमदम एक रोमांटिक टोन सेट करता है जो गहराई से गूंजता है। इसके साथ के दृश्यों के माध्यम से, फिल्म दिव्या और हर्षवर्धन के किरदारों को बचपन के दोस्तों के रूप में चित्रित करती है जो बड़े होने के बाद वापस से मिलते हैं। हमदम प्यार से भरी उनकी यात्रा को खूबसूरती से दर्शाता है।हाल ही में जारी किए गए फिल्म के टीजर में सावि के रूप में दिव्या खोसला को यह कबूल करते हुए दिखाया गया कि उनके पास तीन दिनों के बाद लंदन में जेल ब्रेक की साजिश रचने और उसे अंजाम देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वे एक साधारण गृहणी हैं, लेकिन आखिरकार उन्होंने अपने हाथों को खून से क्यों रंगा है? यह टीजर ऐसे कई सवाल पैदा कर रहा है।

फिल्म साविरू ए ब्लडी हाउसवाइफ में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्धन राणे मुख्य भूमिकाओं में हैं।



फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। किरदार देव की फिल्म का निर्माण विशेष मनोरंजन और टी–सीरीज के बैनर मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने किया है। शिव चाना और साक्षी भट्ट सह–निर्माता के रूप में शामिल हैं। यह फिल्म एक बेहतरीन एक्शन एक्शन से भरपूर है। हालांकि, यह देखने के लिए कि एक साधारण गृहिणी के जेल से पीछे की कहानी क्या है और वह इसे कैसे प्रदर्शित करती है, इसके लिए फिल्म के रिलीज होने तक का इंतजार करना होगा। यह फिल्म 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## परिणीति चोपड़ा की आवाज में रिलीज हुआ चमकीला का गाना तू क्या जाने

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म अमर सिंह चमकीला की सफलता का आनंद उठा रही हैं।इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।अब निर्माताओं ने परिणीति की आवाज में अमर सिंह चमकीला का गाना जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी प्यार मिल रहा है।इस गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं।फिल्म में पंजाब के मशहूर गायक अमर सिंह चमकीला की जिंदगी को दिखाया गया है। यह पहली बार है जब इम्तियाज ने कोई बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म बनाई हो।अमर सिंह चमकीला पंजाब के मशहूर और विवादित गायकों में शुमार थे। उनकी जिंदगी के सारे अहम पड़ावों को फिल्म में दिखाया गया । अमर सिंह चमकीला वो पंजाबी सिंगर थे, जिन्होंने महज 20 साल की उम्र में अपने गानों से धूम मचा दी थी। बेहद कम ही समय में चमकीला ने अपने शानदार गानों की बदौलत दुनिया का दिल जीत लिया था। अपने करियर में अमर सिंह ने कई हिट गाने दिए थे। अमर सिंह फोक सिंगर दौर में हाईएस्ट रिकॉर्ड सेलिंग का रिकॉर्ड बना डाला था।



## हिना खान की वेब सीरीज नामाकूल का ट्रेलर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस हिना खान आज इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम बन गई हैं। वह बिग बॉस, खतरों के खिलाड़ी जैसे कई शो में नजर आ चुकी हैं। आज एक्ट्रेस की एक अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। अब वह जल्द ही नामाकूल वेब सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसका ट्रेलर आज जारी हो गया है। हिना खान के साथ–साथ नामाकूल में एरोन




अर्जुन कौल, अभिनव शर्मा, अनुष्का कौशिक, फैसल मलिक, अभिषेक बजाज, आदिल खान और साक्षी सागर म्हाडोलकर भी दिखाई देने वाली हैं। यह सीरीज रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी है। वहीं, नमित शर्मा इसके निर्माता है। इसका ट्रेलर जारी हो गया है।नामाकूल के ट्रेलर में हिना खान ग्लैमर का तडका लगाते हुए नजर आ रही हैं। इस सीरीज में दर्शकों को लखनऊ के दो दोस्त मयंक और पीयूष की कहानी के साथ–साथ कॉमेडी, रोमांस और क्राइम देखने को मिलने वाला है। सीरीज में हिना रुबिया का किरदार निभाने वाली हैं। ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा गया कि आ गए हैं पीयूष और मयंक, करने लगे बड़े बवाल, क्या दोनो मिलकर ला पाएंगे लखनऊ में अपना भौकाल।नामाकूल के ट्रेलर के साथ ही इसके मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का एलान भी कर दिया है। यह सीरीज 17 मई से अमेजन मिनी टीवी पर स्ट्रीम होने वाली है। ऐसे में अब फैंस भी इसका बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं।एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि बहुत ज्यादा इंतजार था अब फाइनल आ ही गया। दूसरे यूजर ने लिखा कि हिना खान को रुबिया के किरदार में देखने के लिए उत्साहित हूं। वहीं, तीसरे ने लिखा कि हिना के लिए बहुत खुश हूं।

# राजकुमार राव स्टारर श्रीकांत दर्शकों का दिल जीतने में रही कामयाब, ओपनिंग वीकेंड में किया 11 करोड़ से अधिक का कारोबार

राजकुमार राव बॉलीवुड के मोस्ट वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक हैं. फिलहाल एक्टर अपनी लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'श्रीकांत' में अपनी दमदार एक्टिंग से खूब तारीफ बटोर रहे हैं. 'श्रीकांत' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म की शुरुआत थोडी धीमी रही लेकिन वीकेंड पर इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया है. चलिए जानते हैं 'श्रीकांत' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी अपने पहले संडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?राजकुमार राव स्टारर बायोग्राफिकल ड्रामा ' श्रीकांत' के शानदार ट्रेलर के बाद से ही ये फिल्म काफी चर्चा में थी और इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है. फिल्म में राजकुमार राव की जबरदस्त एक्टिंग और इसकी इंस्पायरिंग कहानी की काफी तारीफ हो रही है. हालांकि फिल्म की ओपनिंग थोड़ी ठंडी रही लेकिन वीकेंड पर इसने कमाल कर दिखाया और दमदार कलेक्शन कर डाला. 'श्रीकांत' की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 2.25 करोड़ का कलेक्शन किया था. दूसरे दिन यानी शनिवार को 'श्रीकांत' की कमाई में 86.67 फीसदी की तेजी आई और इसने 4.2 करोड़ की कमाई की. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'श्रीकांत' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले संडे को 5.50 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'श्रीकांत' का तीन दिनों का कुल कलेक्शन अब 11.95 करोड़ रुपये हो गया है.बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर पिछले काफी समय से मायूसी पसरी हुई है. अक्षय कुमार–टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां और अजय देवगन की मैदान सहित कई फिल्में टिकट काउंट पर फुस्स साबित हुई हैं ऐसे में 'श्रीकांत' ने बॉक्स ऑफिस पर खोई रौनक लौटा दी है. इस फिल्म ने रिलीज के तीन दिन में ही 11 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. अच्छी माउथ पब्लिसिटी फिल्म के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है. ऐसे में मिड बजट में बनी ये फिल्म आने वाले दिनों में अच्छा कलेक्शन कर सकती है. वैसे भी मई महीने में कोई और फिल्म रिलीज नहीं हो रही है. इसलिए 'श्रीकांत' के लिए कमाई करने का अच्छा मौका है. तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित, 'श्रीकांत' दृष्टिबाधित उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला की इंस्पायरिंग लाइफ पर बेस्ड हैं.इस फिल्म में राजकुमार राव ने श्रीकांत बोल्ला का लीड रोल प्ले किया है. फिल्म में ज्योतिका, अलाया एफ और शरद केलकर ने भी अहम रोल निभाया है. इस फिल्म को टी–सीरीज और चॉक एन चीज फिल्म्स प्रोडक्शंस द्वारा बनाया गया है.।

# आदिशक्ति वर्कशाप ने मुझे गहरी समझ दी –अपूर्वा अरोड़ा

हाल ही में स्ट्रीमिंग सीरीज फैमिली आज कल में नजर आने वाली अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा ऑरोविले में आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेने के बाद रविवार को मुंबई लौट आईं।एक?ट्रेस ने वर्कशाप में अपनी दिनचर्या के बारे में बात की और कहा कि इससे उन्हें एक कलाकार के रूप में खुद के बारे में गहरी समझ मिली है।अभिनेत्री ने आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेने की इच्छा मन में रखी थी। हालांकि उनका व्यस्त कार्यक्रम और अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा उनकी योजनाओं में बाधा बनती थी। इस बार अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद वह वर्कशॉप के लिए समय निकालने में सफल रहीं।अपने अनुभव पर बात करते हुए अपूर्वा ने कहा कि यह बेहद समृद्ध और परिवर्तनकारी था, जिससे उन्हें अभिनय और जीवन पर एक नया दृष्टिकोण मिला।अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अपूर्वा ने बताया, मैं वर्षों से आदिशक्ति वर्कशॉप में भाग लेना चाहती थी, लेकिन मेरी कार्य प्रतिबद्धताओं ने मुझे कभी ऐसा करने की अनुमति नहीं दी। इस बार मैंने इसे




प्राथमिकता दी और मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। वर्कशॉप ने न केवल मेरे अभिनय कौशल को बढ़ाया है, बल्कि कलाकार के रूप में मुझे गहरी समझ भी दी है। यह वास्तव में जीवन बदलने वाला अनुभव था।उन्होंने ऑरोविले में रहने के दौरान की अपनी दिनचर्या भी शेयर की, साथ ही अपनी सीखने की प्रक्रिया के बारे में भी बात की।उन्होंने कहा, मैंने कई अलग–अलग तरह की कक्षाएं लीं, जिनमें केरल का मिझावु ड्रम बजाना सीखना, पानी के भीतर सांस लेने के व्यायाम और कलरीपायट्टु सीखने के साथ चरित्र निर्माण में सहायता के लिए विभिन्न उपकरण सीखने पर ध्यान केंद्रित किया। हम सुबह 7 बजे रिपोर्ट करते थे। कक्षाएं सुबह 9 बजे तक चलती हैं, कभी–कभी देर तक भी चलती थीं। बीच–बीच में छोटे–छोटे ब्रेक होते थे, लेकिन वह ज्यादातर काम करने और अगली कक्षा के लिए तैयारी करने में व्यतीत होता था।

अपूर्वा अगली बार रोहन सिप्पी के निर्देशन में बनी फिल्म अनरियल में नजर आएंगी।

## जरा हटके जरा बचक फिल्म जियो सिनेमा प्रीमियम पर 17 मई को रिलीज होगी

लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी दो जून, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाली सफल फिल्म थी। इंदौर की पृष्ठभूमि पर आधारित, जरा हटके जरा बचके एक विवाहित जोड़े कपिल और सौम्या की कहानी है जिनकी भूमिका विक्की और सारा ने निभाई है। नयी दिल्ली। विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म जरा हटके जरा बचके जियो सिनेमा प्रीमियम पर 17 मई को रिलीज होगी। जियो सिनेमा ने यह जानकारी दी। लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी दो जून, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाली सफल फिल्म थी। इंदौर की पृष्ठभूमि पर आधारित, जरा हटके जरा बचके एक विवाहित जोड़े कपिल और सौम्या की कहानी है जिनकी भूमिका विक्की और सारा ने निभाई है।



# कार्यकर्ताओं ने किसान परिवारों में संपर्क कर मांगा समर्थन

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा रामपुर कारखाना विधानसभा के हरपुर और बभनी ग्राम सभा में कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों से संपर्क कर सरकार की उपलब्धियां बताई और भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि के पक्ष में समर्थन मांगा। संपर्क के दौरान किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि जनता के बीच नरेंद्र मोदी का बहुत अच्छा प्रभाव है तथा लोगों को मोदी के गारंटी पर भरोसा है उन्होंने कहा कि इस बार पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह, सुमंत चतुर्वेदी, अरुण मिश्रा, रघुनाथ सिंह, बूथ प्रमुख सीताराम गोंड, बिकेश सिंह उपस्थित रहे।

# अंतिम दिन 02 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## अब तक 19 प्रत्याशियों द्वारा किया जा चुका है नामांकन

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत देवरिया लोकसभा सीट के लिए हो रहे नामांकन के आखिरी दिन 02 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। निर्दल प्रत्याशी रफीक अंसारी ने एक सेट में तथा निर्दल प्रत्याशी गंगा प्रसाद एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुल 19 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है।इसके अतिरिक्त बसपा प्रत्याशी सन्देश यादव ने आज पुनः दो सेट तथा परिवर्तन समाज पार्टी से हरिकेश गुप्ता ने पुनः एक सेट जमा किया। इन दोनों प्रत्याशियों द्वारा पूर्व में भी नामांकन पत्र जमा किया जा चुका है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा 17 मई नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

# भाजपा की तानाशाही को खत्म करना हमारा प्रण–मुकेश अग्निहोत्री



रायबरेली(आरएनएस) ।हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गांधी परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली में पहुंचकर विधानसभा ऊंचाहार के महारानीपुर,चिचौली,कुसूमी, चंडरई,मरियानी,कुटिया चौराहा आदि गाँवो में कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,कांग्रेस के स्टार प्रचारक,रायबरेली सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में प्रचार किया ।ऊंचाहार विधानसभा पहुंचने पर हिमांचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का जोरदार स्वागत किया गया ।इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि विकास को आगे बढ़ाना,रोजगार देना,खुशहाली लाना यह कांग्रेस का लक्ष्य है,वही तानाशाही को खत्म करना हमारा प्रण है ।श्री अग्निहोत्री ने कहा कि रायबरेली के साथ गांधी परिवार का दिल का रिश्ता रहा है,राहुल गांधी इस रिश्ते को और मजबूत करेंगे ।उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी,सोनिया गांधी को रायबरेली में प्यार व स्नेह मिला,वही अपनापन राहुल गांधी को मिल रहा है ।उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने लंबे समय तक रायबरेली का प्रतिनिधित्व किया लेकिन कभी पद की लालसा नहीं रखी,विकास करवाया,प्रधानमंत्री पद तक को त्याग दिया ।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं,तानाशाही के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे हैं और बिना किसी पद के अपने संघर्ष को देश के हित में आगे कर रहे हैं ।मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने 4000 किलोमीटर पैदल यात्रा कर भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया,जनता की दुख तकलीफ को समझा उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के दरबार में चंद कदम पैदल चलने का साहस नहीं कर पाए ।उन्होंने कहा कि चंद् पूंजीपतियों को अमीर करने वाले प्रधानमंत्री ने गरीबों की कोई सुध नहीं ली गरीब को और गरीब कर दिया,देश के हालात खराब किए हैं ।उन्होंने कहा कि 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा करने वाले आज युवाओं की बेरोजगारी पर खामोश है ।मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं के सम्मान में 1लाख देने की बात कही है,कर्मचारियों को ओपीएस दी जा रही है,युवाओं को रोजगार देने की बात कही है,किसान का कर्ज माफ किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि देश को खुशहाल बनाने का काम कांग्रेस करेगी ।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के प्रचार से भाजपा के होश उड़े हैं,भाजपा ने जिस प्रकार से प्रचार को धर्म के आधार पर करने का काम किया है,उससे साफ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डर के साए में हो गए हैं,सत्ता खोने का डर उन्हें सताने लगा है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने राम मंदिर के ताले खुलवाए थे,आज भव्य मंदिर बना है ।सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह देश की आस्था का केंद्र है,भगवान श्री राम सबकी आस्था का केंद्र है ।श्री सिंह ने कहा कि देश में किसान आज भी आंदोलन कर रहे हैं,उनसे कोई वार्ता नहीं हो रही है,किसानों ने जब–जब

आंदोलन किया भाजपा की सरकार ने उन पर डंडे बरसाए,गोलियां चलाई ।श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आने पर किसान जो अन्नदाता हैं,का कर्ज माफ कर उन्हें राहत प्रदान करेंगी।

# विभागाध्यक्ष समय से सूचनाओं को कराये अपलोड कुलपति

जौनपुर(आरएनएस)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय



के कुलपति सभागार में सोमवार को ईआरपी के सुचारू रूप से संचालन के लिए कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई. कुलपति प्रो वंदना सिंह ने समन्वयकों द्वारा किये जा रहे कार्य प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष समय से अपने विभाग की सूचनाओं को अपलोड कराये. इससे जहां कार्य में पारदर्शिता आएगी वहीं बहुत सारे काम तेजी से होंगे जिसका लाभ सभी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि ई फाइल के लिए एक टीम बनाकर कार्य करें इससे कार्य में तेजी आएगी और फाइलों की ट्रैकिंग भी आसानी से होगी. विश्वविद्यालय के अलग– अलग क्षेत्र के कोड निर्धारित करने के लिए निर्देश दिए. उपकुलसचिव अमृतलाल ने बताया कि शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के अवकाश ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी हो गई है इसे शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा. विश्वविद्यालय के पुरातन छात्रों की जानकारी के लिए भी लिंक तैयार हो गया है और विभागाध्यक्ष के माध्यम से पुरातन छात्रों की पूरी जानकारी ईआरपी पर होगी.। समन्वयक प्रोफेसर रवि प्रकाश, प्रोफेसर अजय द्विवेदी, प्रोफेसर संदीप कुमार,प्रो राज कुमार, प्रो संतोष कुमार, डॉ मनोज मिश्रा, डॉ संजीव गंगवार, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ धीरेंद्र चौधरी, उपकुलसचिव अमृतलाल बबीता सिंह समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.।

# मोदी सरकार में समाज के सभी वर्गों को मिल रहा लाभ– राजेंद्र शुक्ला

रायबरेली(आरएनएस)। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में हरचंदपुर विधान सभा के अचलेश्वरमंदिर रह्वावा में नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मौजूद रहे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री व दिनेश प्रताप सिंह ने अचलेश्वर मंदिर में पूजन अर्चन कर भगवान भोले नाथ का आशीर्वाद लिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के 10 साल के टूरिज्म सेक्टर में अभूतपूर्व उछाल आया।देश में कम से कम पूंजी निवेश में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने वाला अवसर बना। 10 साल में एयरपोर्ट दो गुने बने। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा एविएशन सेंटर बना। भारत की जो एयरलाइंस हैं, उन्होंने 1000 नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया।जब ये एयरक्राफ्ट आएंगे तो रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।पायलट, क्रू, टेक्निकल स्टाफ को नौकरी मिलेगी।उन्होंने मोदी सरकार की दस साल की उपलब्धियों को सभा में आये जनमानस को अवगत कराया।उन्होंने कहा कि गरीब,किसान नौजवान,सबका साथ,सबका विकास,सबका विस्वास,के साथ बिना भेदभाव मोदी सरकार की योजनाओ का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिला। उज्ज्वला योजना,किसान सम्मान निधि, आयुषमान कार्ड,मुक्त राशन,प्रधान मंत्री मातृत्व योजना,फसल बीमा योजना,डिजिटल इण्डिया,अटल पेंशन योजना,सुकन्या समृद्धि योजना जैसे अनेको योजनाओ को जनमानस के समक्ष रखा।भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने जनता को भरोसा दिलाया कि मै पिछले चुनाव के बाद भी पाच सालो से जनता के सुख, दुःख में सदैव खड़ा रहा आगे भी हमेसा आपका बेटा,आपका भाई,जीवन भर आपके साथ कंधे से कन्धा मिलकर खड़ा रहेगा इस दौरान राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने केन्द्र और राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया।

# पाही पर सोये किसान की कुल्हाड़ी से हत्या

जौनपुर(आरएनएस)। जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में सोमवार की रात को घर से दूर पाही पर सो रहे वृद्ध किसान को एक युवक ने कुल्हाड़ी और हंसिया से वार करके मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी खुद आरोपी के बेटे ने मृतक के परिजनों को दी। घरवालों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचित किया। बताते है कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हरबसपुर गांव में देर रात खाना खाने के बाद 65 वर्षीय लालजी यादव अपने घर से एक किलोमीटर दूर स्थित पाही पर सोने के लिए चले गये। करीब 12 के आसपास बगल के ही धर्मेंद्र निषाद ने नशे में आकर पुरानी रंजिश के चलते लालजी के ऊपर कुल्हाड़ी और हंसिया से उस पर वार करके मौत के घाट उतार दिया। घर पहुंचने पर आरोपित से जब पत्नी ने उसके खून से सने हाथ देखे तो वह बोला कि अभी एक हत्या करके आया हूं और तेरी भी कर दूंगा। यह बात सुनकर आरोपी का बेटा आजाद निषाद ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी। गांववालों ने बताया कि मृतक लालजी पेशे से किसान थे। पुरानी रंजिश के चलते युवक ने उन्हें मौत के घाट उतारा है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक युवक ने शराब की नशे में वृद्ध किसान की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पिकअप पेड़ से टकराई, एक की मौत, तीन गंभीर

जौनपुर(आरएनएस)। जिले के केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरी के पास जौनपुर–गाजीपुर मार्ग पर मंगलवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे अनियंत्रित पिककप ऑटो को बचाने के चक्कर में बालक को धक्का मारते हुए सड़क किनारे स्थित महुआ के पेड़ में टकरा गई। जिसके चलते पिककप की केबिन के फंसकर अंकित यादव पुत्र गुड्डू यादव की मौत हो गयी। बताते हैं कि पिकअप चालक 25 वर्षीय बबलू यादव व अंकित यादव के साथ भूसा पहुँचाकर केराकत के तरफ आ रहा था। तभी रास्ते के नरायनपुर के पास फैसल अंसारी 20वर्ष पुत्र कयामुद्दीन अंसारी निवासी नरहन और आशीष यादव 17वर्ष पुत्र सन्तोष यादव निवासी औरी ने पिकअप को रोक कर घर जाने के लिए लिफ्ट माँग लिया। जैसे ही पिकअप टाई नाले पर बने पुल को पार करके आगे बढ़ी तभी ऑटो ने कट मार दिया। जिसके चलते सड़क किनारे खड़े विवान यादव उर्फ गूगल 6वर्ष को रौंदते हुए महुआ के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भयानक थी कि पिककप के केबिन में सभी चारों लोग फस गये। मौके पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों ने ड्राइवर के दरवाजे को खोलकर फैसल, आशीष और बबलू को बाहर निकाला। वही अंकित बुरी तरह केबिन में फँस गया। जिसे मौके पर जुटे लोगों ने जैक लगाकर चाढ़कर बाहर निकाला। तभी मौका पाकर चालक बबलू यादव घटना स्थल से फरार हो गया। वही सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। घायल फैसल और आसिफ को बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वही गम्भीर रूप से घायल बालक विवान को प्राथमिक उपचार के बाद परिजन ट्रामा सेन्टर ले गये। जहाँ विवान की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत

जौनपुर(आरएनएस)। जिले के शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत प्रयागराज मार्ग स्थित पटखौली पूरे आजम गांव के समीप बस की चपेट में आने से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन–फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के अक्खीपुर गांव निवासी 17–वर्षीया रानी पुत्री धर्मेंद्र यादव अपनी बहन साक्षी के साथ के साथ सरस्वती ज्ञान मंदिर से छुट्टी के बाद अपने स्कूटी से घर जा रही थी कि पटखौली पूरे आजम गांव के समीप अम्बेडकर प्रतिमा के समीप एक डग्गामार वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसमें मौके पर मौजूद लोग इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने रानी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

# पुलिस की लापरवाही से हुई पत्रकार की हत्या उपजा

जौनपुर(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्टस एषोसिएषन की जिला इकाई की एक बैठक संरक्षक ज्ञान प्रकाष सिंह की मौजूदगी में मंगलवार को जिला कार्यालय मीडिया सेंण्टर पर हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जिले के षाहगंज कोतवाली क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी आषुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या पुलिस की लापरवाही की वजह से हुई। इस प्रकरण में श्रीवास्तव के जान का खतरा होते हुए और पुलिस को जानकारी होते हुए भी अपराधियों और गोतस्करों ने दिनहाड़े गोली मारकर उनकी हत्या कर न केवल पुलिस को चुनौती दिया बल्कि पत्रकारों के कलम और उनकी लेखनी पर विराम लगाने की असफल कोषिष की है। जो अन्यन्त निन्दनीय और षर्म है। इस प्रकरण को लेकर षीघ्र उपजा का एक प्रतिनिधि मण्डल प्रदेष के महामहिम राज्य को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी से मिलकर कर देगा। जिसमें षाहगंज के क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मृतक पत्रकार को आर्थिक सहायता प्रदान करनेद की मांग की जायेगी। बैठक में रोष व्यक्त कर कहा गया कि प्रदेष के विभिन्न जिलों में पत्रकारों का उत्पीड़न और हत्या की वारदाते हो रही है।

# आत्महत्या के मामले में प्रधान की जमानत खारिज

चित्रकूट (आरएनएस)। प्रेमी के साथ रिश्ता तय होने के बाद भी शादी न होने से आहत युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में आरोपी ग्राम प्रधान की जमानत सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाने में एक व्यक्ति ने अभियोग पंजीकृत कराया था। शिकायतकर्ता के अनुसार रैपुरा थाने के भौंरी गांव के तरकहवा पुरवा निवासी अखिल राजपूत ने उसकी बेटी के साथ बीती एक अक्टूबर 2023 को बलात्कार किया था। इस घटना के एक सप्ताह बाद आरोपी और पीड़िता के परिजनों के बीच पंचायत हुई। जिसमें बेटी के साथ अखिल राजपूत की शादी कराए जाने को लेकर सुलह कर ली गई और 22 अक्टूबर 2023 को उसने शादी के लिए अखिल के पिता मुन्नालाल को बयाना भी दे दिया। इसके कुछ दिन बाद आरोपी अखिल राजपूत की मां भौंरी की वर्तमान ग्राम प्रधान सत्यभामा व उसके पिता मुन्नालाल ने अधिक दहेज की मांग को लेकर शादी करने से इन्कार कर दिया। जिसके बाद उसने धारा 156(3) के तहत न्यायालय में वाद दायर किया था। इस परिवाद में बीती 8 अप्रैल को तारीख भी लगी थी। शादी टूटने से अवसाद में रहने के कारण उसकी बेटी ने 9 अप्रैल को घर में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पूर्व उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा था। जिसमें उसने अपनी मौत के लिए अखिल और उसके परिवार को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी ग्राम प्रधान सत्यभामा और उसके बेटे अखिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना में आरोपी अखिल की मां सत्यभामा द्वारा जमानत के लिए अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने मंगलवार को निर्णय सुनाया। जिसमें उन्होंने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त करने के आदेश दिए हैं।'

# कांग्रेस लोगों को लालच देकर वोट हासिल करने का कर रही प्रयास

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह ने कांग्रेस पर लगाया आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

## कांग्रेस गारंटी कार्ड पर गांव के लोगों के हस्ताक्षर कराकर एक लाख रुपए का दे रही लालच

रायबरेली(आरएनएस) ।भाजपा के प्रत्याशी व प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस के गारंटी कार्ड पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है ।लोगों को लालच देकर वोट हासिल करने का प्रयास कर रही है ।दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राहुल गांधी ने पहले 26 अप्रैल को वायनाड में चुनाव लड़ा ।उसके बाद रायबरेली से चुनाव लड़ने की घोषणा की थी ।उनका यह कृत्य वायनाड और रायबरेली दोनों जनता के लिए एक धोखे की तरह है। कांग्रेस पार्टी गांव गांव जाकर



अपने एक गारंटी कार्ड पर लोगों से हस्ताक्षर करवा रही है ।इस गारंटी कार्ड में एक लाख रुपये साल के देने का लालच कांग्रेस पार्टी दे रही ।वोट के लिए किसी प्रकार का लालच देना आचार संहिता का उल्लंघन है ।इसलिए वह चुनाव आयोग से शिकायत कर रहे हैं कि वह कांग्रेस पार्टी के इस झूठे गारंटी कार्ड पर नोटिस देकर कार्रवाई करे। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी और उनके कार्यकर्ताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए दिनेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस के हजारों लोग जो बाहर से आए हैं, वह गांव गांव जाकर एक पेपर में जनता से हस्ताक्षर करवा रहे हैं, जिसमें उनको बताया जा रहा है कि जैसे ही हमारी सरकार बनती है एक लाख रुपए आपको तुरंत मिल जाएंगे ।इस तरह का प्रलोभन देकर यहां वोट मांगा जा रहा है जो आचार संहिता का उल्लंघन है ।कांग्रेस प्रत्याशी इस तरह का प्रलोभन देकर वोट मांगने का काम कर रहे हैं ।दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मैं चुनाव आयोग से अपील करता हूं कि कांग्रेस प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ताओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें ।राहुल गांधी के उस बयान पर जिसमें कहा गया था कि रायबरेली से उनका सौ साल का रिश्ता है, पर कटाक्ष करते हुए दिनेश प्रताप सिंह ने कहा जो कहते हैं सौ साल से हमारा रिश्ता है वह केवल चुनाव के समय ही यहां आते हैं ।अगर इतना पुराना नाता किसी का हो तो क्या यहां की जनता के सुख–दुख में उनको नहीं खड़ा होना चाहिए।

# दिव्यांग छात्र की मौत से गुस्साए छात्रों ने लगाया जाम

## –एसडीएम, सीओ के आश्वासन पर बहाल हुआ यातायात

चिरकूट (आरएनएस)। सब्जी लेकर पैदल दिव्यांग विवि जाते समय वाहन की टक्कर से दो दिव्यांग छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने एक छात्र को प्रयागराज रेफर कर दिया था। मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। यह जानकारी मिलते ही विवि के छात्रों ने नाराजगी जाहिर करते हुए विवि के बाहर जाम लगा दिया। लगभग तीन घंटे जाम लगने के बाद एसडीएम के आश्वासन पर यातायात बहाल हुआ। भरतकूप थाना क्षेत्र के करारी निवासी राहुल सिंह (22) व दिव्यांग विवि निवासी अरविंद (23) जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के एमए व बीजीसी के छात्र हैं। शनिवार की शाम को वह दोनों सीतापुर कस्बे से पैदल सब्जी लेकर वापस विश्वविद्यालय आ रहे थे। विवि के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्टाफ ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर राहुल को प्रयागराज रेफर कर दिया था। मंगलवार की सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। यह सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होते ही विश्वविद्यालय के छात्रों ने नाराज होकर बेड़ीपुलिया–रामघाट मार्ग पर जाम लगा दिया। छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। सूचना पर सदर एसडीएम सौरभ यादव, सीओ सिटी राजकमल, कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।

# हर पल निरंकार के प्रति समर्पित होकर जियें

जौनपुर(आरएनएस),। जब हम हर पल में इस निरंकार प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से अपना जीवन जीते चले जाते हैं तब वास्तविक रूप में मानवता के कल्याणार्थ हमारा जीवन समर्पित हो जाता है। ऐसा ही प्रेमा–भक्ति से युक्त जीवन बाबा हरदेव सिंह ने हमें स्वयं जीकर दिखाया'। उक्त उद्गार मड़ियॉहू पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन के प्रांगण में समर्पण दिवस के अवसर पर सद्गुरु माता सुदीक्षा के पावन संदेशों को बताते हुए राधेश्याम (ज्ञान प्रचारक) ने कहा। जिसमें जनपद के अनेकों ब्रांचो पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सम्मिलित होकर उनके परोपकारों को न केवल स्मरण किया अपितु हृदयपूर्वक श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके अतिरिक्त यह दिवस विश्वभर में भी आयोजित किया गया जहां सभी भक्तों ने बाबा जी की सिखलाईयों का स्मरण करते हुए उनके विशाल जीवन को नमन किया। सद्गुरु माता सुदीक्षा के सान्निध्य में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में भी हुआ। उन्होने कहा कि जब परमात्मा से हमें सच्चा प्रेम हो जाता है तब इस मायावी संसार के लाभ और हानि हम पर प्रभाव नहीं डाल पाते क्योंकि तब ईश्वर का प्रेम और रजा ही सर्वोपरि बन जाते हैं।इसके विपरीत जब हम स्वयं को परमात्मा से न जोड़कर केवल इन भौतिक वस्तुओं से जोड़ लेते हैं तब क्षणभंगुर सुख–सुविधाओ के प्रति ही हमारा ध्यान केन्द्रित रहता है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।